विवरणिका
2010-11

प्रवेश के लिए आवेदन पत्र सहित

शैक्षिक पाठ्यक्रम

माध्यमिक

तथा

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा, उ.प्र.

वेबसाइट : www.nios.ac.in

टॉल फ्री नंबर : 1800 180 9393

एनआईओएस में आपका स्वागत है

प्रिय शिक्षार्थी,

मैं आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ और एनआईओएस के माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए बधाई देता हूँ। आप अवश्य महसूस करेंगे कि एनआईओएस अलग विशेषताओं से युक्त एक संस्थान है। यह एक मुक्त विद्यालय है जो अध्ययन में सहूलियत और स्वतंत्रता में विश्वास रखता है। 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपने माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए पहले ही एनआईओएस को चुना है। आप भी विश्व की सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली का अंग बन गए हैं।

एनआईओएस राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय शिक्षा बोर्ड के रूप में कार्य करता है। इसे पूर्व-स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों का नामांकन करने, परीक्षा लेने और उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देने का अधिकार प्राप्त है। एनआईओएस के मुक्त विद्यालयी शिक्षा के पाठ्यक्रमों का स्तर और समकक्षता किसी भी राष्ट्रीय/राज्य स्तर के विद्यालय शिक्षा बोर्डों के अध्ययन के पाठ्यक्रमों के समान है। इसके माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थियों ने कॉलेजों और व्यावसायिक संस्थाओं में प्रवेश लिया है।

एनआईओएस अपने अध्ययन के पाठ्यक्रम मुक्त और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) विधा द्वारा चलाता है जो मुक्त विद्यालयी शिक्षा के नाम से प्रचलित है। यह विभिन्न शैक्षिक एवं व्यावसायिक शिक्षा संस्थाओं/संगठनों के विशेषज्ञों की सेवाएँ लेकर अपनी पाठ्यचर्या, स्व-अध्ययन सामग्री और मीडिया सहायता कार्यक्रम तैयार करता है।

एनआईओएस ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए बहुत से कदम उठाए हैं। वर्ष 2010-11 से अपने यहाँ पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए 100% ऑन लाइन प्रवेश आरंभ किया गया है। ऑफ-लाइन प्रवेश कोटा को हटा दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पास विकल्प होंगे कि वे (क) सीधे ऑन-लाइन द्वारा अपना पंजीकरण कराएँ, (ख) अपने निकटतम एआई (अध्ययन केन्द्र)/सहायता केन्द्र पर जाएँ और ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए उनकी सहायता लें, (ग) ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए अपने क्षेत्रीय केन्द्र पर जाएँ। प्रवेश में सहायता करने के लिए, वर्ष भर 24×7 ऑन-लाइन प्रवेश का प्रावधान किया गया है।

एनआईओएस माध्यमिक स्तर पर आठ माध्यमों (हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, गुजराती, मराठी, तेलुगू, मलयालम तथा उड़िया) में 27 विषय (17 भाषाओं सहित) और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर तीन माध्यमों (हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू) में 21 विषय चलाता है। विषयों के चयन में कैफेटेरिया दृष्टिकोण की भांति एक भाषा के अतिरिक्त कोई विषय अनिवार्य नहीं है। विद्यार्थी अपनी रुचि, आवश्यकता, कैरियर की दृष्टि के अनुसार विषयों का चुनाव कर सकते हैं। ऐसा प्रावधान किया गया है कि विद्यार्थी शैक्षिक विषयों के साथ एक व्यावसायिक शिक्षा का विषय भी चुन सकते हैं। आप विषय चुनने, अध्ययन की गति और पढ़ाई के स्थान को लेकर स्वतंत्र हैं।

एनआईओएस अब विद्यार्थियों से अधिक निकट संपर्क में है। अध्ययन सामग्री अब सीधे प्रत्येक विद्यार्थी को ही भेज दी जाती है। अब वह शीघ्र और सीधी सहायता प्रदान करने के लिए विद्यार्थी सहायता केन्द्र (एलएससी) के माध्यम से एनआईओएस के साथ सीधा संपर्क कर सकते हैं। एनआईओएस द्वारा तैयार की गई अध्ययन सामग्री स्व-अध्ययन प्रणाली में है। मुद्रित सामग्री, अध्ययन केन्द्र पर आमने-सामने के व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) और मीडिया सहायता कार्यक्रम (श्रव्य-दृश्य कैसेटें, कार्यक्रमों के प्रसारण) एनआईओएस के विद्यार्थियों को औपचारिक विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के मानकों के समकक्ष बनाते हैं। एनआईओएस में अध्ययन के दौरान, विद्यार्थी अनुशिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्यों (टीएमए) की सुविधा भी ले सकते हैं जो नियमित अध्ययन की आदत बनाने और पढ़ाई में प्रगति की जाँच करने में सहायक होते हैं।

एनआईओएस एक शैक्षिक वर्ष में अप्रैल-मई और अक्तूबर-नवंबर में दो सार्वजनिक परीक्षाएँ आयोजित करता है। क्रेडिट संचयन की यहाँ सुविधा है। मैं एनआईओएस द्वारा अपनी परीक्षा प्रणाली में प्रारंभ किए गए महत्त्वपूर्ण प्रवर्तन के बारे में विशेष रूप से बताना चाहूँगा; और वह है 'जब चाहो तब परीक्षा' प्रणाली (ओड्स) जो विद्यार्थी को अपनी तैयारी के अनुसार किसी विषय में परीक्षा में बैठने की स्वतंत्रता देती है।

यह विवरणिका आपको प्रवेश, अध्ययन के पाठ्यक्रम, अध्ययन प्रक्रिया, शुल्क के भुगतान, अध्ययन केन्द्रों, एनआईओएस परीक्षा की समकक्षता के बारे में विवरण के साथ-साथ अन्य बहुत सी जानकारियाँ प्रदान करेगी, जो एनआईओएस के पाठ्यक्रमों में नामांकन कराने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होंगी। पूछताछ के लिए, आप हमारे कॉल सेंटर के टॉल फ्री नंबर 1800-180-9393 पर किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं।

मैं एनआईओएस में आपका पुनः स्वागत करता हूँ और आशा करता हूँ कि यहाँ की पढ़ाई आपके लिए सार्थक और लाभदायक होगी।

सत्तांशु

(डॉ. एस.एस. जेना)
अध्यक्ष, एनआईओएस

विवरणिका

2010-11

प्रवेश के लिए आवेदन पत्र सहित

माध्यमिक

तथा

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

(पूर्वतः राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय)

ए–24–25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर–62, नोएडा–201309

वेबसाइट : www.nios.ac.in

विद्यार्थी सहायता केन्द्र टॉल फ्री नंबर : 1800 180 9393

एनआईओएस ऑन–लाइन (नी–ऑन)
विद्यार्थी सहायता केन्द्र (एलएससी)

एनआईओएस विश्वास करता है और आशा करता है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान कोई समस्या न आए और उनकी कोई शिकायत न हो। एनआईओएस ने ई–मेल, अंत: क्रियात्मक स्वर–अनुबोधन प्रणाली (आईवीआरएस) और टॉल फ्री नं द्वारा विद्यार्थी संबंधी सभी मुद्दों के निवारण के लिए विद्यार्थी सहायता केन्द्र की स्थापना की है।



प्रथम विकल्प के रूप में ऑन लाइन प्रवेश को चुनें

ब्लॉक	ऑन लाइन प्रवेश के लिए तिथियाँ	परीक्षा जिसमें विद्यार्थी बैठ सकते हैं
प्रथम ब्लॉक	01 मार्च 2010 से 31 अगस्त 2010	पहली बार अप्रैल/मई 2011
द्वितीय ब्लॉक	01 सितंबर 2010 से 28 फरवरी 2011	पहली बार अक्तूबर/नवंबर 2011

एनआईओएस को ओडीएल के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के बेहतरीन उपयोग (नी-ऑन) के लिए भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और जन शिकायतें विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा फरवरी, 2009 में सरकारी प्रक्रिया रि-इंजीनियरिंग में श्रेष्ठता के लिए सम्मानजनक राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस का रजत पुरस्कार 2008-09 प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान को अपनी पसंद बनाने के पाँच कारण

1. सीखने की स्वतंत्रता

'सभी तक सबके लिए' के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान सीखने की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पालन करता है, अर्थात् क्या सीखना है, कब सीखना है, कैसे सीखना है और कब परीक्षा में बैठना है, आदि का निर्णय आप करेंगे। समय, स्थान और सीखने की गति के लिए कोई बंधन नहीं है।

2. सहूलियत

एनआईओएस निम्नलिखित मामलों में सहूलियत देता है :

- अध्ययन योजना : उत्तीर्ण होने के मानदंड को ध्यान में रखते हुए दी गई सूची के अनुसार आप अपनी पसंद के विषयों का चुनाव कर सकते हैं।
- प्रवेश : आप माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर विभिन्न प्रकारों के अंतर्गत ऑन लाइन प्रवेश ले सकते हैं अथवा अध्ययन केन्द्रों पर प्रवेश ले सकते हैं।
- परीक्षा : सार्वजनिक परीक्षाएँ वर्ष में दो बार आयोजित होती हैं। पाँच वर्षों में नौ बार परीक्षा देने के अवसर दिए जाते हैं। इस अवधि के दौरान जब भी आप अच्छी तरह तैयार हों तभी परीक्षा दें और क्रेडिट को एकत्रित करने की सुविधा भी प्राप्त करें।
- जब चाहो तब परीक्षा : जब भी आप परीक्षा के लिए तैयार हों आप नोएडा स्थित मुख्यालय में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर एनआईओएस की जब चाहो तब परीक्षा (ओड्स) में भी बैठ सकते हैं।

3. प्रासंगिकता

एनआईओएस पाठ्यक्रम और कार्यक्रम, कार्य आधारित, दिन–प्रतिदिन के जीवन में अत्यंत उपयोगी हैं और भावी पढ़ाई के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। एनआईओएस के सफल विद्यार्थी आई आई टी, दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया हमदर्द, जामिया मिलिया इस्लामिया, अलीगढ़ विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और बहुत से अन्य प्रसिद्ध और व्यावसायिक संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

4. क्रेडिट स्थानांतरण

एनआईओएस पूर्व ज्ञान को महत्त्व देता है और इसी के अंतर्गत कुछ परीक्षा बोर्डों/राज्य मुक्त विद्यालयों से उत्तीर्ण किए गए अधिकतम दो विषयों के क्रेडिट स्थानांतरण की अनुमति देता है।

5. मान्यताप्राप्त गुणात्मक शिक्षा

एनआईओएस गुणात्मक शिक्षा देने के लिए प्रयत्न कर रहा है। भारत सरकार ने इस संस्थान को माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सार्वजनिक परीक्षाएँ आयोजित करने और प्रमाणपत्र देने का अधिकार प्रदान किया है जो कि अन्य बोर्डों के प्रमाणपत्रों के समान है। सीबीएसई और सीआईएससीई के समान एनआईओएस एक राष्ट्रीय बोर्ड है।

विद्यार्थियों की जिम्मेवारी : एक नज़र में

- **विवरणिका में दिए गए निर्देशों को ठीक से पढ़े** बिना आवेदन-पत्र नहीं भरें।
- आवेदन-पत्र में कोई भी **कॉलम खाली** न छोड़ें।
- **संबंधित कागजातों** के बिना आवेदन-पत्र जमा न करें।
- **ऐसी झूठी एजेंसियों के बहकावे में नहीं आएँ जो उत्तीर्ण कराने का वादा करती हैं।**
- **जैसा कि प्रवेश के लिए आवेदन फार्म में भी लिखा गया है प्रवेश तथा परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क से ज्यादा किसी को न दें।**
- अपने अध्ययन केन्द्र में आयोजित होने वाले प्रत्येक विषय में **व्यक्तिगत सम्पर्क कक्षाओं में अवश्य भाग लें जिन्हें सभी एआई को अनिवार्य तौर पर आयोजित कराना होता है।**
- नकल करने, अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलाने जैसे **अनुचित साधनों के उपयोग में लिप्त न हों।**

वर्ष 2010 – 11 में स्ट्रीम-I प्रवेश लेने वाला विद्यार्थी पहली बार अगले वर्ष अप्रैल-मई में ही परीक्षा दे सकेगा।

आपकी पढ़ाई के दौरान, आपको एनआईओएस के बारे में अधिकांश जानकारी, जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है, एनआईओएस वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

कृपया www.nios.ac.in पर लॉग ऑन करें।

जब भी आप एनआईओएस को पत्र लिखें, कृपया अपना नाम अपनी नामांकन संख्या और अपना पूरा पता लिखना न भूलें।

AEP
स्वास्थ्य ??
तनाव ?
हिंसा ?
लिंग भेद ? संगी-साथियों का दबाव ??
नशीले पदार्थों का सेवन ?
एच.आई.वी./एड्स ??
जीवन कौशल
सृजनात्मक चिंतन
विश्लेषणात्मक चिंतन
वार्ता कौशल
चिंतन कौशल
समस्या को सुलझाने के कौशल
संप्रेषण कौशल
दबाव का विरोध
भावनाओं पर नियंत्रण
पारस्परिक संबंध बनाए रखना
किशोर शिक्षा कार्यक्रम
टोल फ्री न०
1800-180-9393
http://nos.org/aep/index.html
आत्म सम्मान
आत्म बोध

विषय–सूची

1. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान : एक अनोखी विद्यालयी शिक्षा प्रणाली 1-4

1.1 एनआईओएस में विशेषताएँ तथा सहूलियतें 1
1.2 कार्यक्रम, पाठ्यक्रम और मार्ग 2
1.3 अध्ययन योजना 3
1.4 व्यावसायिक एवं शैक्षिक विषयों का संयोजन 4

2. प्रवेश 5-12

सत्र 2009–10 के लिए प्रवेश के तरीके
2.1 ऑन लाइन प्रवेश की प्रकिया 5
2.1.1 सभी विद्यार्थियों के लिए ऑन लाइन प्रवेश (स्ट्रीम–1) 5
2.1.2 उन विद्यार्थियों के लिए ऑन लाइन जो अक्तूबर–नवंबर 2009 परीक्षा में बैठना चाहते हैं (स्ट्रीम–2) 5
2.1.3 ऑन लाइन प्रवेश उन विद्यार्थियों के लिए जो माध्यमिक स्तर पर जब चाहो तब परीक्षा (ओड्स) में बैठना चाहते हैं (स्ट्रीम–3) 5
2.1.4 ऑन लाइन प्रवेश उन विद्यार्थियों के लिए जो उच्चतर माध्यमिक स्तर पर जब चाहो तब परीक्षा (ओड्स) में बैठना चाहते हैं (स्ट्रीम–4) 6
2.2 ऑन लाइन प्रवेश की प्रक्रिया सीधे विद्यार्थियों के द्वारा 6
2.3 एआई/एफसी के माध्यम से ऑन लाइन प्रवेश की प्रक्रिया 6
2.4 प्रवेश आवश्यकताएँ 7
2.5 एनआईओएस के पूर्व विद्यार्थियों का पुनः प्रवेश 8
2.6 क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) 8
2.7 दोहरा नामांकन और आंशिक क्रेडिट 9
2.8 प्रवेश के लिए शुल्क का विवरण 9
2.9 प्रवेश की पुष्टि 11
2.10 प्रवेश के बाद अन्य सुविधाएँ 11
2.11 आपके एआई/अध्ययन केन्द्र के बारे में 12

3. एनआईओएस में अध्ययन प्रक्रिया 13-14

3.1 स्व–अध्ययन सामग्री 13
3.2 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) 13
3.3 ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम 13
3.4 शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य 14
3.5 प्रकार–2, 3 तथा 4 के अंतर्गत ऑन लाइन प्रवेश 14

4. परीक्षा प्रणाली 15-21

4.1 सार्वजनिक परीक्षाएं 15
4.2 जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली (ओड्स) 17
4.3 पास विषयों के अंकों को शामिल करना 18
4.4 अंकों की स्थिति में सुधार 18
4.5 अंक सूची और प्रमाणपत्र जारी करना 18
4.6 प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए मानदण्ड 19
4.7 परीक्षा योजना 19
4.8 उत्तरपुस्तिका की पुनः जाँच 20
4.8.1 उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन 20
4.9 अनुचित साधन 20
4.10 शिक्षा का स्तर और मान्यता 20
4.11 परीक्षा रिकॉर्डों में संशोधन की प्रक्रिया 20
4.12 एनआईओएस के विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार 21

5. शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र (टीएमए) 22-23

6. एनआईओएस परीक्षा के दौरान सामान्य और विशिष्ट सुविधाएँ (विकलांगता के अनुसार) 24-26

6.1 विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ 24
6.2 लेखक का प्रावधान 24
6.2.1 लेखक उपलब्ध कराने संबंधी मामले 24
6.2.2 लेखक की योग्यता 24
6.2.3 लेखक हेतु शुल्क 25
6.3 विकलांगता के अनुसार सुविधाएँ 25
6.3.1 हाथ/पैर अथवा हड्डी रोग संबंधी विकलांगता 25
6.3.2 देखने में अक्षम विद्यार्थी 25
6.3.3 सुनने में अक्षम विद्यार्थी 25
6.3.4 विभिन्न विकलांगताएँ/मानसिक पक्षाघात 25
6.3.5 मानसिक रोग वाले विद्यार्थी 26
6.3.6 कुष्ठ रोग से मुक्त विद्यार्थी 26

परिशिष्ट

परिशिष्ट क: **राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाले बोर्डों की सूची** 27

परिशिष्ट ख : राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थाओं की सूची 28

परिशिष्ट ग: माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के मान्य एवं अमान्य बोर्डों की सूची 31

परिशिष्ट घ : एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्रों की सूची 32

परिशिष्ट ड. : मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एनआईओएस के ओबीई कार्यक्रम को मान्यता देने वाले पत्र की प्रति 33

परिशिष्ट च : मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एनआईओएस को परीक्षा लेने तथा प्रमाणपत्र देने संबंधी संकल्प की प्रति 34

परिशिष्ट छ : भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा जारी परिपत्र जिसमें एनआईओएस पाठ्यक्रमों की समकक्षता दर्शाई गई है 35

परिशिष्ट ज : शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए एनआईओएस की प्रत्यायित संस्थाओं की सूची 36

परिशिष्ट झ : राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की प्रत्यायित संस्थाएँ (क्षेत्रीय भाषाओं के लिए) 118

परिशिष्ट ज (i) : पिछले तीन वर्षों से प्रवेश नहीं कर रहे एआई की सूची 128

परिशिष्ट ज (ii) : सत्र 2009–10 के दौरान मान्यता रद्द किए गए एआई की सूची 132

परिशिष्ट ञ: प्रवेश 2010–11 के लिए आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश 133

- परीक्षा के लिए पंजीकरण का फॉर्म
- वर्ष 2010 के लिए अस्थायी प्रवेश पत्र एवं रसीद
- **माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 2010–11 सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र**

NIOS का है ये सपना, शिक्षित हो देश यह अपना

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की वर्तमान स्थिति

- विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विद्यालय : 1990 से अब तक 32,76,000 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया।
- वर्ष 1990 से माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 17,65,399 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए।
- प्रत्येक वर्ष 3,50,000 से अधिक विद्यार्थी नामांकन कराते हैं।
- देशभर में तथा विदेशों में फैले लगभग 3700 अध्ययन केंद्रों (एआई/एवीआई/एएएस) के नेटवर्क के माध्यम से सभी तक पहुँचने की कोशिश।
- स्व अध्ययन मुद्रित सामग्री, ऑडियो, वीडियो, टीवी तथा सीडी रोम और एआई पर व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम का सहयोग लेकर दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना। साथ ही रेडियो प्रसारणों और टी.वी. कार्यक्रमों का भी सहयोग लेना।

1 एनआईओएस: एक अनोखी विद्यालयी शिक्षा प्रणाली

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की स्थापना सन् 1989 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा की गई। यह आप जैसे पढ़ने के इच्छुक लोगों के बेहतर भविष्य बनाने के लिए शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। एनआईओएस का मिशन सबके लिए शिक्षा है तथा बालिकाओं और महिलाओं, ग्रामीण युवाओं, कार्यरत पुरुषों एवं महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अक्षम व्यक्तियों और अन्य सुविधा वंचित वर्गों को शिक्षित करना ही इसकी विशेष प्राथमिकता है, जो किसी न किसी कारण से औपचारिक शिक्षा प्रणाली द्वारा पढ़ नहीं पाए हैं। एनआईओएस **ग्यारह** क्षेत्रीय केन्द्रों तीन उप क्षेत्रीय केन्द्रों और भारत, नेपाल तथा मध्य पूर्व में लगभग **तीन हजार** प्रत्यायित संस्थाओं तथा प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं, जिन्हें सामान्यत: अध्ययन केन्द्र के रूप में जाना जाता है, के एक नेटवर्क के माध्यम से कार्य करता है। शैक्षिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल ऑन लाइन के माध्यम से किया जा रहा है।

1.1. एनआईओएस में विशेषताएँ तथा सहूलियतें

- **आयु सीमा :** प्रवेश के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है। फिर भी माध्यमिक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम के लिए 15 वर्ष होनी चाहिए जैसा कि तालिका-3 में प्रवेश आवश्यकताएँ में दर्शाया गया है।
- **अध्ययन के माध्यम का चयन :**
  - माध्यमिक स्तर पर हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी, गुजराती, मलयालम और उड़िया माध्यम हैं।
  - उच्चतर माध्यमिक स्तर पर हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू माध्यम हैं।
- **विषयों का चयन :** आप **तालिका-1 में दी गई अध्ययन की योजना** में दिए गए मानदंड के अनुसार किसी भी विषय संयोजन का चयन दी गई शर्तों के अनुसार कर सकते हैं।

नोट

आप विचार करें और अपने उच्च अध्ययन, विशेष नौकरियों, संबंधित बोर्ड की आवश्यकताओं आदि की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए अपने विषयों का चयन करें।

यदि आप उच्च अध्ययन के लिए एनआईओएस प्रमाणपत्र का प्रयोग करना चाहते हैं तो यह आपके हित में होगा कि आप जिन बोर्डों/विश्वविद्यालयों में जाना चाहते हैं, उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। कुछ बोर्ड/विश्वविद्यालय अपने सम्बद्ध संस्थाओं में प्रवेश के लिए विशेष विषय संयोजन चाहते हैं, जैसा कि परिशिष्ट 'क' और 'ख' में दिया गया है। उदाहरण के लिए, मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए बहुत से संस्थान यह चाहेंगे कि आप रसायन विज्ञान, भौतिकी और जीव विज्ञान के संयोजन के साथ-साथ दो भाषाओं में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण हों। ऐसे विद्यार्थी जो एन.आई.ओ.एस. की दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ग्यारहवीं कक्षा में औपचारिक विद्यालय बोर्ड में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे ऐसे विषय संयोजन (5 अथवा 6 विषय जैसा भी मामला हो) चुन सकते हैं जो इस प्रकार के औपचारिक विद्यालय बोर्ड द्वारा एनआईओएस के अधिकारों से भेदभाव किए बिना स्वीकार्य होते हैं।

- **अतिरिक्त विषय :** यदि आप चाहते हैं अथवा आवश्यक हो तो आप प्रवेश के वक्त अथवा अध्ययन के दौरान एक अथवा दो अतिरिक्त विषय (यों) का चयन कर सकते हैं।
- **शैक्षिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संयोजन :** एनआईओएस पाठ्यक्रमों को अधिक सार्थक बनाने के लिए, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर बहुत से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शैक्षिक विषयों के साथ संयोजित करके चलाया जा रहा है **(तालिका-२ देखें)**। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं (एवीआई) में चलाया जाता है। अधिक विवरण के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की अलग विवरणिका को पढ़ें।
- **निरंतर मूल्यांकन :** अपनी पढ़ाई के दौरान आप शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्यों (टीएमए) द्वारा अपनी प्रगति के बारे में जान सकते हैं।

- **प्रवेश की सुविधाजनक योजना :** आप विभिन्न प्रकारों के अंतर्गत ऑन लाइन परियोजना (नी-ऑन) द्वारा अथवा अपनी पसंद के निकट स्थित अध्ययन केन्द्र/सहायता केन्द्र चुनकर प्रवेश पा सकते हैं।
- **परीक्षा में सहूलियतें :** एनआईओएस वर्ष में दो बार सार्वजनिक परीक्षाएँ आयोजित करता है। आपको पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए परीक्षा में बैठने के लिए कुल पाँच वर्षों में नौ अवसर दिए जायेंगे। फिर भी माध्यमिक स्तर पर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए निम्न में से किसी एक का चयन कर सकते हैं:-
  - एनआईओएस द्वारा आयोजित वर्ष में दो बार सार्वजनिक परीक्षाएँ
  - जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली (ओड्स)
  - कुछ विषय सार्वजनिक परीक्षा द्वारा तथा कुछ विषय ओड्स द्वारा।
- **क्रेडिट संचयन :** आप एक परीक्षा में किसी भी एक अथवा अधिक विषयों में बैठ सकते हैं और अंतिम प्रमाणपत्र के लिए पाँच वर्षों की अवधि तक सभी विषयों में उत्तीर्ण होने तक क्रेडिट ले सकते हैं।
- **क्रेडिट स्थानांतरण :** आप चुनिंदा बोर्डों से उत्तीर्ण अधिकतम दो विषयों के अंक स्थानांतरित करा सकते हैं, बशर्ते वे विषय एनआईओएस की अध्ययन योजना में भी उपलब्ध हों। भाग **2.6** में दी गई शर्तों के अनुसार क्रेडिट स्थानांतरण दिया जाएगा।
- **प्रवेश की वैधता :** आपका प्रवेश पांच वर्षों के लिए वैध है। माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सार्वजनिक परीक्षा के लिए आप पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए अधिकतम नौ या उससे कम अवसर ले सकते हैं।
- **आंशिक प्रवेश :** इस योजना के अंतर्गत, आप एक या एक से अधिक लेकिन अधिकतम चार विषयों में प्रवेश ले सकते हैं। उत्तीर्ण होने पर आपको केवल अंक सूची ही दी जाएगी।
- **वंचित विद्यार्थियों के लिए शिक्षा :** शारीरिक एवं मानसिक विकलांगों, सामाजिक तथा भौगोलिक दृष्टि से अलग-थलग पड़ जाने वाले एवं वंचित वर्गों, जैसे- फुटपाथ पर रहने वाले बच्चे, काम करने वाले बच्चे, ग्रामीण महिलाओं के सहयोग के लिए एनआईओएस की विशेष प्रत्यायित संस्थाएँ हैं, जिन्हें वंचितों की शिक्षा के लिए विशेष प्रत्यायित संस्थाएँ (एसएआईईडी) कहा जाता है।

नोट

एनआईओएस द्वारा एवीआई पर चलाए जा रहे कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का एनआईओएस के एआई द्वारा चलाए जा रहे शैक्षिक पाठ्यक्रमों के साथ क्रेडिट स्थानांतरण होता है।

1.2 कार्यक्रम, पाठ्यक्रम और मार्ग

एनआईओएस निम्नलिखित कार्यक्रम चलाता है :



1.3 अध्ययन योजना

एनआईओएस के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन योजना **तालिका -1** में दी गई है। परीक्षा पास करके प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आपको **कम से कम पाँच विषयों** में पास होना जरूरी है **जिनमें समूह 'क' में से एक अथवा अधिकतम दो भाषाएं हों तथा अन्य तीन या चार विषय समूह 'ख' में से हों**। हालाँकि आप दो अतिरिक्त विषय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इस प्रकार आप अधिकतम सात विषय चुन सकते हैं।

तालिका 1 : शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन की योजना

माध्यमिक स्तर

कोड	विषय	
समूह 'क'		
(201)	हिंदी	
(202)	अंग्रेजी	
(206)	उर्दू	
(209)	संस्कृत	
(203)	बँगला	इन विषयों की परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाएगी।
(204)	मराठी	
(205)	तेलुगू	
(207)	गुजराती	
(208)	कन्नड़	
(210)	पंजाबी	
(228)	असमिया	
(231)	नेपाली	
(232)	मलयालम	
(233)	उड़िया	
(235)	अरबी	
(236)	फारसी	
(237)	तमिल	
समूह 'ख'		
(211)	गणित	
(212)	विज्ञान और प्रौद्योगिकी*	
(213)	सामाजिक विज्ञान	
(214)	अर्थशास्त्र	
(215)	व्यवसाय अध्ययन	
(216)	गृह विज्ञान*	
(219)	वर्ड प्रोसेसिंग* (अंग्रेजी)	
(222)	मनोविज्ञान	
(223)	भारतीय संस्कृति एवं विरासत	
(225)	चित्रकला*	

- पाँच विषय, जिनमें से समूह "क" से एक अथवा दो भाषाएँ और समूह "ख" से शेष विषय।
- दोनों समूहों में से किसी समूह से भी दो अतिरिक्त विषय लिए जा सकते हैं।

उच्चतर माध्यमिक

कोड	विषय
समूह 'क'	
(301)	हिंदी
(302)	अंग्रेजी
(306)	उर्दू
(309)	संस्कृत
समूह 'ख'	
(311)	गणित
(312)	भौतिकी*
(313)	रसायन विज्ञान*
(314)	जीव विज्ञान*
(315)	इतिहास
(316)	भूगोल*
(317)	राजनीति विज्ञान
(318)	अर्थशास्त्र
(319)	व्यवसाय अध्ययन
(320)	लेखाशास्त्र
(321)	गृह विज्ञान*
(327)	वर्ड प्रोसेसिंग* (अंग्रेजी)
(328)	मनोविज्ञान
(330)	कम्प्यूटर विज्ञान*
(331)	समाजशास्त्र
(332)	चित्रकला*
(335)	जन संचार*

- पाँच विषय, जिनमें से समूह "क" से एक अथवा दो भाषाएँ और समूह "ख" से शेष विषय।
- दोनों समूहों में से किसी समूह से भी दो अतिरिक्त विषय लिए जा सकते हैं।

टिप्पणी: 1. *लगे विषयों में सिद्धांत एवं प्रयोग दोनों हैं।

1.4 व्यावसायिक और शैक्षिक विषयों का संयोजन

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के इच्छुक विद्यार्थी ऐसे पृथक् रूप से लिए जाने वाले अथवा व्यावसायिक विषय (तालिका-2), जो तालिका-1 **समूह 'ख'** में नहीं दर्शाए गए हैं, में से किसी एक विषय का चुनाव सकते हैं। इस प्रकार के विषय के लिए किसी एवीआई पर प्रवेश लेना होगा। एवीआई से संबंधित जानकारी हमारी वेबसाइट : www.nios.ac.in से प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थी की माँग पर विषय में प्राप्त अंक माध्यमिक अथवा उच्चतर माध्यमिक अंकसूची में स्थानांतरित कर दिए जाएँगे। इसके लिए सादे कागज पर एनआईओएस के निदेशक (मूल्यांकन) के नाम आवेदन पत्र के साथ माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्तर की मूल अंक सूची एवं व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा की अंक सूची की फोटोकॉपी संलग्न करें।

तालिका-2: ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सूची जिन्हें शैक्षिक पाठ्यक्रमों के संयोजन में चलाया जा रहा है

माध्यमिक स्तर

क्र.सं.	कोड	विषय	क्र.सं.	कोड	विषय
1.	(217)	टंकण (हिंदी)	6.	(253)	सौर ऊर्जा तकनीशियन
2.	(218)	टंकण (अंग्रेजी)	7.	(254)	बायो-गैस टेक्नीशियन
3.	(221)	टंकण (उर्दू)	8.	(255)	लॉण्ड्री सेवाएँ
4.	(251)	जूट उत्पादन	9.	(256)	बेकरी एवं कन्फेक्शनरी
5.	(252)	बढ़ईगिरी	10.	(257)	वेल्डिंग प्रौद्योगिकी

उच्चतर माध्यमिक स्तर

क्र.सं.	कोड	विषय	क्र.सं.	कोड	विषय
1.	(322)	टंकण (हिंदी)	11.	(354)	फर्नीचर और कैबिनेट निर्माण
2.	(323)	टंकण (अंग्रेजी)	12.	(355)	इलेक्ट्रोप्लेटिंग
3.	(324)	आशुलिपि (हिंदी)	13.	(356)	गृह व्यवस्था
4.	(325)	आशुलिपि (अंग्रेजी)	14.	(357)	कैटरिंग प्रबंधन
5.	(326)	सचिवीय पद्धति	15.	(358)	खाद्य संसाधन
6.	(329)	आशुलिपि (उर्दू)	16.	(359)	खेल केंद्र प्रबंधन
7.	(364)	टंकण (उर्दू)	17.	(360)	होटल स्वागत कार्यालय संचालन
8.	(351)	पौध संरक्षण	18.	(361)	मुर्गी पालन
9.	(352)	फसल उत्पादन के लिए जल प्रबंधन	19.	(362)	मृदा और खाद प्रबंधन
			20.	(363)	फलों और सब्जियों का अनुरक्षण
10.	(353)	ओएस्टर मशरूम उत्पादन			

एनआईओएस
"क्या पढ़ना है, कब पढ़ना है,
कहाँ पढ़ना है तथा कैसे पढ़ना है"
का अवसर देता है।

2 प्रवेश

सत्र 2010-11 के लिए नी-ऑन के अंतर्गत ऑन-लाइन प्रवेश

2.1 ऑन लाइन प्रवेश की प्रक्रिया

(a) वर्ष 2010-11 से एनआईओएस ने 100 प्रतिशत ऑन-लाइन प्रवेश की शुरुआत की है ताकि विद्यार्थी स्वयं प्रवेश लेने में सक्षम हो सकें। ऑफ लाइन कोटा हटा दिया गया है।

(b) इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पास तीन विकल्प हैं :-

(i) भाग 2.2 में निर्धारित की गई प्रक्रिया के अनुसार वे ऑन लाइन द्वारा सीधे अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

(ii) वे अपने निकटतम एआई (अध्ययन केन्द्र)/सहायता केन्द्र पर जा सकते हैं और ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए सहायता ले सकते हैं। प्रत्यायित संस्थाओं (एआई) की सूची - परिशिष्ट - ज पर दी गई है।

(iii) वे अपने क्षेत्रीय केन्द्र में जा सकते हैं और ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए उनकी सहायता ले सकते हैं।

ऑन लाइन प्रवेश के चार स्ट्रीम होंगे, जो कि विभिन्न आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए सहायक होंगे। इन चार स्ट्रीमों में प्रवेश एक दूसरे से अलग-अलग होंगे अर्थात् विद्यार्थी इनमें से किसी एक का चयन कर सकता है।

2.1.1 सभी विद्यार्थियों के लिए ऑन लाइन प्रवेश (स्ट्रीम-1) : सभी विद्यार्थियों के लिए इस विशेष प्रकार के ऑन लाइन प्रवेश माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक के लिए निर्धारित योग्यता के अनुसार होंगे। प्रवेश सत्र 2010-11 से स्ट्रीम-1 के लिए वर्ष भर (24×7) ऑन लाइन प्रवेश की तिथियाँ इस प्रकार हैं :

ऑन लाइन प्रवेश के ब्लॉक	ऑन लाइन प्रवेश की तिथियाँ	परीक्षा जिसमें विद्यार्थी बैठ सकता है
प्रथम ब्लॉक	01 मार्च, 2010 से 31 अगस्त, 2010	पहली बार अगले वर्ष अप्रैल/मई, 2011 में
द्वितीय ब्लॉक	01 सितंबर, 2010 से 28 फरवरी, 2011	पहली बार अक्तूबर/नवंबर, 2011 में

भाग 2.6 में दी गई शर्तों के अनुसार जो विद्यार्थी ऑन लाइन के अंतर्गत स्ट्रीम-1 में प्रवेश ले रहे हों, उन्हें प्रवेश के समय चुने गए एआई (अध्ययन केन्द्र) से जोड़ा जाएगा और वे नियमानुसार क्रेडिट स्थानांतरण करा सकेंगे।

2.1.2 उन विद्यार्थियों के लिए ऑन लाइन प्रवेश जो अक्तूबर-नवंबर 2010 परीक्षा में बैठना चाहते हैं (स्ट्रीम-2) : यह ऑन लाइन प्रवेश 20.05.2010 से 20.07.2010 तक खुला है। यह उन विद्यार्थियों के लिए है जो किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में बैठे किन्तु सार्वजनिक परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सके। इसके अंतर्गत शामिल होने वाले विद्यार्थी संबंधित बोर्ड की अंकतालिका/प्रवेश पत्र के आधार पर एनआईओएस की अक्तूबर/नवंबर 2010 की माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में उन्हीं विषयों में बैठ सकेंगे जिनमें पहले परीक्षा दी थी। इस स्ट्रीम के अंतर्गत पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) की योजना भाग 2.6 में दिए गए निर्देशों/शर्तों के अनुसार ही लागू होगी।

2.1.3 ऑन लाइन प्रवेश उन विद्यार्थियों के लिए जो माध्यमिक स्तर पर जब चाहो तब परीक्षा (ओड्स) में बैठना चाहते हैं (स्ट्रीम-3) : इसके अंतर्गत ऑन लाइन प्रवेश उन विद्यार्थियों के लिए पूरे वर्ष खुला रहेगा जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त

बोर्ड से माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की है और अपनी योग्यता को एक अथवा अधिकतम चार विषयों में प्रवेश लेकर बढ़ाना चाहते हैं अथवा ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से परीक्षा दी परंतु उत्तीर्ण नहीं हो सके और एनआईओएस की जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली से केवल माध्यमिक परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं। वर्तमान में ओड्स का संचालन एनआईओएस के नोएडा स्थित मुख्यालय में किया जा रहा है।

2.1.4 ऑन लाइन प्रवेश ऐसे विद्यार्थियों के लिए जो उच्चतर माध्यमिक स्तर पर एनआईओएस की जब चाहो तब परीक्षा (ओड्स) प्रणाली में बैठना चाहते हैं (स्ट्रीम-4) : इसके अंतर्गत ऑन लाइन प्रवेश उन विद्यार्थियों के लिए पूरे वर्ष खुला रहेगा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से उच्चतर माध्यमिक अथवा उच्च परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और एक अथवा अधिकतम चार विषयों में प्रवेश लेकर अपनी योग्यता को बढ़ाना चाहते हैं और जिन्होंने किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड से माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण अवश्य की हो अथवा ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक स्तर से परीक्षा दी परन्तु उत्तीर्ण नहीं हो सके और वे उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उन्हीं विषयों में एनआईओएस की 'जब चाहो तब परीक्षा' में बैठना चाहते हैं। विद्यार्थी को प्रवेश की पुष्टि के लिए बोर्ड द्वारा जारी मूल अनुत्तीर्ण/उत्तीर्ण अंकसूची भी अपने आवेदन फॉर्म के साथ जमा करनी होगी। **यह योजना इस समय केवल छह विषयों के लिए ही है, वे हैं: गणित, भौतिकी, व्यवसाय अध्ययन, हिंदी, राजनीति विज्ञान और गृह विज्ञान।** यह योजना नोएडा स्थित एनआईओएस मुख्यालय में जब चाहो तब परीक्षा के माध्यम से उपलब्ध है।

2.2 विद्यार्थियों द्वारा सीधे ऑन लाइन प्रवेश की प्रक्रिया

उपर्युक्त चारों स्ट्रीमों के ऑन लाइन प्रवेश की प्रक्रिया इस प्रकार है :

- एनआईओएस वेबसाइट **www.nios.ac.in** पर लॉग ऑन करें।
- शुल्क विवरण और उसे जमा करने के तरीके के साथ ऑन लाइन प्रवेश/परीक्षा के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदर्शित होगी।
- विद्यार्थी अपना ई-मेल आईडी तथा पासवर्ड डालकर एनआईओएस वेबसाइट के साथ अपना पंजीकरण करेंगे।
- ऑन लाइन प्रवेश फॉर्म तक पहुँचकर आवेदन पत्र भरेंगे तथा निर्देशानुसार विद्यार्थी फोटो का इमेज संलग्न करेंगे।
- **ऑन लाइन प्रवेश के लिए शुल्क**

  शुल्क के भुगतान हेतु दो तरीके होंगे :

  (क) क्रेडिट कार्ड (मास्टर/वीजा), डेबिट कार्ड (केवल चुनिंदा बैंकों का वीसा) द्वारा शुल्क ऑन लाइन जमा किया जा सकता है, अथवा

  (ख) ऑन लाइन पंजीकरण के दस दिनों के भीतर राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट के माध्यम से जो कि सचिव, एनआईओएस के पक्ष में हो, साथ ही स्ट्रीम-1 के परिशिष्ट-घ पर दिए गए एनआईओएस के संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर देय हो और स्ट्रीम-2, 3 तथा 4 के लिए नोएडा में देय हो तथा ऑन-लाइन पंजीकरण के एक सप्ताह में प्राप्त हो।

  (ग) विवरणिका में संलग्न चालान द्वारा भी आवश्यक शुल्क सिंडिकेट और इंडियन बैंक की निर्धारित शाखाओं में जमा किया जा सकता है। बैंक शाखा शुल्क एकत्रित करेगी और पावती जारी करके, बैंक चालान रसीद पर एक विशेष नंबर लिखकर बैंक चालान की दो प्रतियाँ वापस करेगी।
- एनआईओएस में प्रोसेसिंग के लिए एक बार आवेदन जमा होने पर एक **पावती** विद्यार्थी के ई-मेल आईडी को वापस भेजी जाएगी जिसमें उसकी विशेष संदर्भ संख्या, उसका व्यक्तिगत विवरण, शुल्क विवरण इत्यादि दर्शाया जाएगा।
- दूसरे तरीके (ख) से शुल्क जमा करने पर विद्यार्थी को भरे हुए आवेदन फॉर्म के साथ डिमांड ड्राफ्ट का एक प्रिंट (पावती रसीद नहीं) भेजना होगा। साथ ही पंजीकरण के 10 दिनों के भीतर निर्देश में दिए गए पते पर सभी कागजात भी भेजने होंगे। आवश्यक कागजात एवं निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन पत्र प्राप्त होने पर ही ऑन लाइन के विद्यार्थियों का पंजीकरण होगा।

2.3 एआई (अध्ययन केन्द्र)/सहायता केन्द्र के माध्यम से ऑन-लाइन प्रवेश की प्रक्रिया

एनआईओएस के सभी एआई/अध्ययन केन्द्रों को अधिकार दिया जाता है कि वे ऑन-लाइन प्रवेश कराने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए ऑन-लाइन पंजीकरण काउंटर खोलें। वे विद्यार्थियों को प्रवेश-पूर्व परामर्श, अध्ययन केन्द्रों/पाठ्यक्रमों के चुनाव, अध्ययन के माध्यम, क्रेडिट स्थानांतरण, क्रेडिट संचयन और एनआईओएस की अन्य विशेषताओं के बारे में सहायता करेंगे। **एआई उपर्युक्त भाग २.२ में ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए वही प्रक्रिया अपनाएँगे। एआई पावती की एक प्रति देंगे जिसमें कंप्यूटर द्वारा दी गई संदर्भ संख्या होगी ताकि विद्यार्थी एनआईओएस से भविष्य में पत्राचार कर सकें।**

2.4 प्रवेश आवश्यकताएँ

आवश्यकताएँ	प्रवेश की तिथियाँ	माध्यमिक पाठ्यक्रम	उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम
(क) ऑन लाइन प्रवेश			
प्रथम ब्लॉक	01.03.10 से 31.08.10	31 जुलाई, 2010 को 14 वर्ष (31.7.1996 को अथवा उसके पहले जन्म)	31 जुलाई, 2010 को 15 वर्ष (31.7.1995 को अथवा उसके पहले जन्म)
द्वितीय ब्लॉक	01.09.10 से 28.02.11	31 जनवरी, 2011 को 14 वर्ष (31.1.1997 को अथवा उसके पहले जन्म)	31 जनवरी, 2011 को 15 वर्ष (31.1.1996 को अथवा उसके पहले जन्म)
(ख) सहायक दस्तावेज		(i) निगम के अधिकारी अथवा जन्म एवं मृत्यु के रजिस्ट्रार के जिला कार्यालय से जारी जन्म प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति उन सभी के लिए जिनका जन्म 26.01.1989 को अथवा उसके बाद हुआ हो। **अथवा** (ii) पिछले विद्यालय से प्राप्त विद्यालय छोड़ने का पत्र/स्थानांतरण प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति। जिसमें आवेदक की जन्म-तिथि लिखी हो। सरकारी विद्यालय होने पर स्थानांतरण प्रमाणपत्र/विद्यालय छोड़ने के प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर प्रधानाचार्य का होना चाहिए जबकि प्राइवेट विद्यालय होने पर उसे राज्य के सक्षम शिक्षा प्राधिकारी या जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।	किसी मान्यताप्राप्त माध्यमिक/हाई स्कूल परीक्षा के प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति जिसमें जन्मतिथि अंकित हो। (उच्चतर माध्यमिक प्रवेश हेतु आयु का कोई भी अन्य प्रमाण मान्य नहीं होगा)
टिप्पणी: (i) अनाथ/बाल अपराधी/फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों के लिए चिकित्सा विधि प्रमाण-पत्र को जन्मतिथि के रूप में माना जाएगा। **(ii) आवेदन पत्र में लिखी जन्म-तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अत: सही जन्मतिथि जाँच कर लिखिए।**			
(ख) न्यूनतम शैक्षिक योग्यता		• आठवीं कक्षा पास का प्रमाणपत्र, अथवा • स्व-प्रमाणपत्र (आवेदन पत्र के पिछले पृष्ठ के अनुसार)	मान्यताप्राप्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मैट्रिक/ माध्यमिक/हाई स्कूल परीक्षा पास प्रमाणपत्र की प्रति जो कि राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित हो।

टिप्पणी: (i) आवेदन पत्र के साथ मांगे गए सारे दस्तावेज न लगे होने पर आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा और फीस लौटाई नहीं जाएगी।
(ii) यदि माध्यमिक परीक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण नहीं किया है तो उच्चतर माध्यमिक के लिए प्रवेश हेतु विचार नहीं किया जाएगा। मान्यताप्राप्त बोर्डों की सूची परिशिष्ट 'ग' में दी गई है।
(iii) विदेशी बोर्ड/विश्वविद्यालय से हाई स्कूल/माध्यमिक प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए संबंधित दूतावास द्वारा यह प्रमाणपत्र देना होगा कि उनकी परीक्षा भारतीय हाई स्कूल/माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष है।
(iv) प्रवेश के लिए पते का प्रमाण अनिवार्य नही है परंतु किसी एक पते पर अधिकतम तीन (03) प्रवेश की ही अनुमति होगी।

2.5 एनआईओएस के पूर्व विद्यार्थियों का पुन:प्रवेश

एनआईओएस के उन विद्यार्थियों का पुन: प्रवेश नहीं होगा जिनका प्रवेश अभी भी वैध है।

एनआईओएस के माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थी, जिनकी पाँच वर्ष की प्रवेश अवधि पूरी हो चुकी है, परन्तु वे पाठ्यक्रम पूरा न कर पाए हों, वे एनआईओएस में पुन: प्रवेश ले सकते हैं। मूल प्रमाणपत्र जमा करने पर पिछले प्रवेश के उत्तीर्ण विषयों (अधिकतम चार विषयों) के क्रेडिट नए प्रवेश में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे बशर्ते ये विषय पिछले दस वर्षों में उत्तीर्ण किए जा चुके हों (अर्थात् 2001 के दौरान अथवा उसके बाद उत्तीर्ण) **तालिका-6ए** में दिए विवरण के अनुसार टीओसी शुल्क का भुगतान करना भी आवश्यक है।

कोड संख्या	बोर्ड का नाम
9901	राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय)

2.6 क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी)

विद्यार्थी क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) के लिए प्रवेश के समय ही आवेदन करें जिन्हें एनआईओएस की अध्ययन की योजना में शामिल किया गया है। इसके बाद किसी टीओसी के मामले पर विचार नहीं किया जाएगा।

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्तर के पूर्व विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक विषय उत्तीर्ण किया हो परन्तु पाठ्यक्रम उत्तीर्ण न कर पाए हों, वे एनआईओएस के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं तथा क्रेडिट स्थानांतरण का लाभ उठा सकते हैं।

कोड संख्या	बोर्ड का नाम
9902	केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), दिल्ली
9903	काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (सीआईएससीई), दिल्ली
2101	उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्, इलाहाबाद
3401	उत्तराखंड शिक्षा एवं परीक्षा बोर्ड, नैनीताल, उत्तराखंड
1701	माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
1702	राजस्थान राज्य मुक्त विद्यालय, जयपुर
2601	झारखंड शैक्षिक परिषद्, रांची,
0201	असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद्, गुवाहाटी, असम
0301	बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद्, पटना
0302	बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड, पटना, बिहार
2001	त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अगरतला, त्रिपुरा पश्चिम
2201	पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
0103	आंध्र प्रदेश मुक्त विद्यालय सोसाइटी, हैदराबाद
0502	हरियाणा मुक्त विद्यालय, भिवानी
0702	जम्मू-कश्मीर राज्य मुक्त विद्यालय, श्रीनगर
0803	कर्नाटक मुक्त विद्यालय, मैसूर
0903	केरल राज्य मुक्त विद्यालय, तिरुवनंतपुरम
1001	मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भोपाल
1002	मध्य प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय, भोपाल
1601	पंजाब विद्यालय शिक्षा बोर्ड, मोहाली
2203	पश्चिम बंगाल रवीन्द्र मुक्त विद्यालयी शिक्षा परिषद्
1301	मेघालय विद्यालय शिक्षा बोर्ड, मेघालय
0401	गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, गांधीनगर, गुजरात
1101	महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पुणे

निम्न स्थितियों में टीओसी की सुविधा की अनुमति होगी:

(i) अधिकतम दो विषयों के क्रेडिट स्थानांतरण करा सकते हैं, यदि ये विषय पिछले पाँच वर्षों में 33 प्रतिशत अंकों के साथ पास किए गए हों (अर्थात् 2006 के दौरान अथवा उसके बाद पास किया हो)।

(ii) केवल उन्हीं विषयों में ही क्रेडिट दिए जाएंगे, जो एनआईओएस की अध्ययन की योजना और परीक्षा योजना में शामिल हैं। प्रयोग वाले विषयों में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर टीओसी तभी दिए जायेंगे जब आप सिद्धांत एवं प्रयोग में अलग-अलग पास हों।

(iii) आप प्रवेश फॉर्म में टीओसी विषयों और प्राप्त अंकों का पूरा विवरण दें।

(iv) संबंधित बोर्ड द्वारा दी गई **मूल अंक सूची** संलग्न करें। लेमिनेशन की हुई अंक सूची स्वीकार नहीं की जाएगी।

(v) प्रवेश के लिए जितने विषयों में टीओसी चाहिए, उतने विषयों के क्रेडिट स्थानांतरण के लिए प्रति विषय शुल्क 75/- रु. की राशि का भुगतान करें। शुल्क का विवरण **तालिका-6ए** में दिया गया है।

2.7 दोहरा नामांकन और आंशिक क्रेडिट

इस प्रावधान के अंतर्गत यदि आप औपचारिक विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं या पहले ही किसी बोर्ड/ विश्वविद्यालय से माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक या कोई और उच्च परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, तो आप ज्ञान को ताजा करने और शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के लिए अपनी रुचि के अनुसार कोई भी अधिकतम चार विषय ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने पर केवल अंक सूची ही दी जाएगी। उसे कोई और प्रमाणपत्र नहीं दिया जाएगा।

2.8 प्रवेश के लिए शुल्क का विवरण

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक पाठयक्रमों के लिए देय शुल्क का विवरण तालिका-4 में दिया गया है। इस शुल्क में ही पंजीकरण, अध्ययन सामग्री, व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी), पहचान पत्र, टीएमए के मूल्यांकन आदि का शुल्क शामिल है। नीचे दी गई तालिका में दिए गए विवरण के अतिरिक्त प्रवेश के लिए कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान न करें।

नोट

लद्दाख क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को पंजीकरण शुल्क एवं अध्ययन सामग्री की कीमत में छूट दी जाती है। फिर भी टीओसी शुल्क, यदि लागू हुआ तो, देय होगा।

तालिका 4 : ऑन लाइन के स्ट्रीम-1 के माध्यम से प्रवेश हेतु शुल्क विवरण

पाठ्यक्रम	सामान्य वर्ग		छूट प्राप्त वर्ग
	पुरुष	महिलाएं	अ.जा/अ.ज.जा./भूतपूर्व सैनिक/अक्षम
माध्यमिक पाठ्यक्रम			
(i) पाँच विषयों के लिए	रु. 1000	रु. 750	रु. 550
(ii) प्रत्येक अतिरिक्त विषय के लिए	रु. 150	रु. 150	रु. 150
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम			
(i) पाँच विषयों के लिए	रु. 1150	रु. 900	रु. 625
(ii) प्रत्येक अतिरिक्त विषय के लिए	रु. 180	रु. 180	रु. 180

नोट

प्रवेश शुल्क में परीक्षा शुल्क शामिल नहीं है। परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथियों में अलग से जमा करें।

*छूट प्राप्त करने के लिए अनु जाति/अनु. जनजाति, भूतपूर्व सैनिक और अक्षम व्यक्ति **तालिका-5** के अनुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें।

तालिका 5 : छूट प्राप्त वर्ग के लिए आवश्यक सहायक दस्तावेज

वर्ग	संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज
(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (ii) भूतपूर्व सैनिक (iii) अक्षम विद्यार्थी	• उपायुक्त, मजिस्ट्रेट या आयुक्त अ.जाति/अनु.जनजाति द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र की प्रति जो कि **राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित हो।** • नियोक्ता का प्रमाणपत्र। • सरकारी अस्पताल द्वारा जारी प्रमाणपत्र तथा **नर्सिंग होम का नहीं।** उसमें अक्षमता की प्रकृति और स्थिति स्पष्ट रूप से लिखी गई हो।

नोट

- किसी भी स्थिति में एक बार दी गई फीस न तो लौटाई जाएगी और न समायोजित की जाएगी।
- आवश्यक शुल्क के अतिरिक्त कोई और भुगतान न करें।

दोहरा नामांकन/आंशिक प्रवेश, सभी वर्गों के लिए शुल्क विवरण **तालिका-6 (क)** पर दिया गया है तथा ऑन लाइन प्रवेश के स्ट्रीम-2, 3 तथा 4 के विद्यार्थियों के लिए शुल्क विवरण 6(ख) पर दिया गया है।

तालिका-6 (क) : दोहरा नामांकन/आंशिक प्रवेश/क्रेडिट स्थानांतरण हेतु शुल्क का विवरण

पाठ्यक्रम	पंजीकरण शुल्क	प्रत्येक विषय के लिए अध्ययन सामग्री का मूल्य	क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) के लिए शुल्क
माध्यमिक	**रु. 250**	**रु. 150**	**रु. 75 प्रति विषय**
उच्चतर माध्यमिक	**रु. 250**	**रु. 180**	**रु. 75 प्रति विषय**

*टीओसी भाग 2.6 के अंतर्गत दिए गए मानदण्ड के अनुसार दिया जाएगा।

तालिका-6 (ख) : ऑन लाइन विद्यार्थियों के लिए शुल्क का विवरण (स्ट्रीम 2, 3 तथा 4)

पाठ्यक्रम	पंजीकरण शुल्क	परीक्षा शुल्क	क्रेडिट स्थानांतरण शुल्क
माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक ऑन लाइन प्रवेश (स्ट्रीम-2 के अंतर्गत)	250/- रुपये	सिद्धांत के लिए 100/- रु. प्रति विषय तथा प्रयोग के लिए अतिरिक्त 50/- रु.	75/- रुपये प्रति विषय
माध्यमिक ऑन लाइन प्रवेश (स्ट्रीम-3 के अंतर्गत)	250/- रुपये	सिद्धांत के लिए 125/- रु. प्रति विषय प्रयोग के लिए अतिरिक्त 25/- रु. प्रति विषय	75/- रुपये प्रति विषय
उच्चतर माध्यमिक ऑन लाइन प्रवेश (स्ट्रीम-4 के अंतर्गत)	250/- रुपये	सिद्धांत के लिए 200/- रु. प्रति विषय प्रयोग के लिए अतिरिक्त 50/- रु. प्रति विषय	75/- रुपये प्रति विषय

नोट : उपर्युक्त शुल्क के अतिरिक्त 30/- रु. ऑन लाइन आवेदन पत्र के शुल्क के रूप में जोड़ा जाएगा।

शुल्क का भुगतान कैसे करें

ऑन लाइन प्रवेश के लिए शुल्क : शुल्क के भुगतान के लिए तीन विकल्प होंगे :

(क) क्रेडिट कार्ड (मास्टर/वीजा) तथा डेबिट कार्ड (केवल चुनिंदा बैंकों से वीसा) द्वारा शुल्क ऑन लाइन जमा किया जा सकता है, अथवा

(ख) ऑन लाइन पंजीकरण के दस दिनों के भीतर राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट के माध्यम से जो कि सचिव, एनआईओएस के पक्ष में हो, साथ ही स्ट्रीम-1 के लिए परिशिष्ट-घ पर दिए गए एनआईओएस के संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर देय हो और स्ट्रीम-2, 3 तथा 4 के लिए नोएडा में देय हो तथा ऑन-लाइन पंजीकरण के एक सप्ताह के भीतर प्राप्त हो जाए।

नोट

एआई में परिवर्तन की अनुमति नहीं है। इसलिए आप अपना एआई बहुत ध्यान से चुनें।

(ग) विवरणिका में संलग्न चालान द्वारा भी आवश्यक शुल्क सिंडिकेट और इंडियन बैंक की निर्धारित शाखाओं में जमा किया जा सकता है। बैंक शाखा शुल्क एकत्रित करेगी और पावती जारी करके, बैंक चालान रसीद पर एक विशेष नंबर लिखकर बैंक चालान की दो प्रतियाँ वापस करेगी।

यदि प्रत्यायित संस्था पर कम शुल्क का भुगतान करने अथवा वहाँ स्थान उपलब्ध न होने की वजह से प्रवेश नहीं होता है तो राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

प्रवेश रद्द होना

आपका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा

- यदि **प्रवेश फॉर्म अधूरा है,**
- यदि **दी गई फीस कम है,**
- यदि **सहायक दस्तावेज पूरे नहीं हैं,**
- यदि **जाली कागजात जमा किए गए हैं,**
- यदि **आपके पास आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं है,**
- यदि **आप न्यूनतम आयु के नहीं हैं,**
- यदि **गलत सूचना दी गई है।**
- यदि **माध्यमिक परीक्षा किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण नहीं की हो।**
- यदि **एक ही पते से 03 (तीन) से अधिक प्रवेश फार्म प्राप्त किए हैं।**

टिप्पणी : एक बार प्रवेश रद्द करने पर पुन: विचार नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क लौटाया जाएगा।

2.9 प्रवेश की पुष्टि

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में विशेष पाठ्यक्रम में प्रवेश की पुष्टि हेतु आपको एनआईओएस के रिकार्ड के अनुसार एक पहचान पत्र भेजा जाएगा। **यदि प्रवेश लेने के बाद भी कोई विसंगति पाई जाती है, यहाँ तक कि पहचान पत्र जारी भी कर दिया जाता है तथा विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित भी हो जाता है तब भी उसका परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा तथा उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।**

कृपया पहचान-पत्र में दिए गए अपने विवरण की जाँच कर लें। यदि कोई गलती हो तो तुरंत अपने अध्ययन केन्द्र से संपर्क करें। पहचान पत्र सिर्फ एक बार ही जारी किया जाएगा, दाखिले के बाद विवरणों में संशोधन की स्थिति में भी दूसरा पहचान पत्र जारी नहीं किया जाता। इसलिए सभी विद्यार्थी एनआईओएस में पाठ्यक्रम पूरा होने तक अपना पहचान-पत्र सँभालकर रखें।

सार्वजनिक परीक्षा/ओड्स में बैठने वाले विद्यार्थी परीक्षा के वक्त एनआईओएस द्वारा दिए गए पहचान पत्र को दिखायेंगे अन्यथा उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

2.10 प्रवेश के बाद अन्य सुविधाएँ

(क) पहचान पत्र की दूसरी प्रति जारी करना

पहचान पत्र खो जाने पर, दूसरी प्रति दी जा सकती है। पहचान पत्र की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए पहले संबंधित पुलिस स्टेशन में एफआईआर (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज कराएँ। फिर सादे कागज पर आवेदन के साथ (i) एफ.आई. आर की प्रति, (ii) **सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान,** के पक्ष में तथा संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर देय 100/- रु. का बैंक ड्राफ्ट तथा (iii) दो फोटो जिनमें से एक फोटो व आपके नमूने हस्ताक्षर अध्ययन केन्द्र के समन्वयक द्वारा सत्यापित होने चाहिए, अपने संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर भेजें।

(ख) विषय बदलना/अतिरिक्त विषय

पाँच वर्षों की प्रवेश अवधि के दौरान, आप एक या अधिक विषयों को बदल सकते हैं या एक/दो अतिरिक्त विषय ले सकते हैं। परन्तु कुल विषय सात से अधिक नहीं होने चाहिए। **यह परिवर्तन आपके पंजीकरण के चार वर्षों के भीतर ही मान्य है ताकि आप निश्चित की गई प्रवेश अवधि के दौरान ही सार्वजनिक परीक्षा में बैठ सकें। प्रथम परीक्षा हेतु न तो विषय बदला जाएगा और न अतिरिक्त विषय लेने की अनुमति दी जाएगी।** पास विषयों को बदलने की अनुमति नहीं दी जाती।

नोट

विषय परिवर्तन अथवा अतिरिक्त विषयों के लिए आवेदन की तिथियां

अक्तूबर-नवंबर परीक्षा के लिए **1 जनवरी से 15 मार्च**

अप्रैल-मई परीक्षा के लिए **1 जुलाई से 15 सितंबर**

विषय परिवर्तन/अतिरिक्त विषय के लिए सभी श्रेणी के विद्यार्थी सादे कागज पर अपने एआई के माध्यम से नीचे दिए गए शुल्क के साथ संबंधित क्षेत्रीय निदेशक को आवेदन भेजें :

माध्यमिक पाठ्यक्रम हेतु	**90/- रु. प्रति विषय**
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम हेतु	**120/- रु. प्रति विषय**

नोट

यदि आपका एआई रद्द कर दिया गया हो तो आप **परिशिष्ट 'घ'** में दी गई एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्रों की सूची में से संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र को अपना आवेदन भेजें।।

यह शुल्क **सचिव, एनआईओएस** के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करें जो कि संबंधित क्षेत्रीय केंद्र पर देय हो। **इस संबंध में एनआईओएस, मुख्यालय, नोएडा में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

एनआईओएस का संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र इस प्रकार के परिवर्तन अथवा अतिरिक्त विषयों के शामिल करने संबंधी जानकारी की पुष्टि आपके पत्र व्यवहार के पते पर करेगा और आपके एआई को भी सूचित करेगा। अपने एआई से संपर्क बनाए रखें और सुनिश्चित करें कि जरूरी परिवर्तन कर दिए गए हैं।

2.11 आपके एआई/अध्ययन केन्द्र के बारे में

प्रवेश के समय आपके द्वारा चुनी गई प्रत्यायित संस्थाएँ (अर्थात् अध्ययन केन्द्र) आपको निम्नलिखित सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान करेंगी :

- निर्धारित मूल्य पर प्रवेश फॉर्म और विवरणिका देना।
- भरे गए परीक्षा फॉर्म और परीक्षा शुल्क स्वीकार करना।
- कुल मिलाकर 30 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन **जिनमें से 15 का आयोजन अनिवार्य रूप से एआई को करना होगा** तथा एनआईओएस के निर्देशानुसार प्रायोगिक कक्षाएँ आयोजित करनी होंगी।
- पाठ्यक्रम से संबंधित आपकी समस्याओं/प्रश्नों को सुलझाने के लिए परामर्श।
- विषय (यों) में परिवर्तन अथवा अतिरिक्त विषय (यों) संबंधी फार्म स्वीकार करना और उसे एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्र पर भेजना।
- शुल्क के भुगतान की तिथियाँ, परीक्षा तिथियाँ और परीक्षा केन्द्र तथा अन्य महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदान करना।
- सार्वजनिक परीक्षा परिणाम की घोषणा और एनआईओएस द्वारा जारी अंकसूची/प्रमाण पत्र का वितरण करना।

शिकायतों/समस्याओं के लिए संपर्क पते

हम यह मानते और आशा करते हैं कि एनआईओएस में अपनी पढ़ाई के दौरान आपको कोई समस्या अथवा शिकायत नहीं आएगी। फिर भी यदि आपके समक्ष कोई समस्या आती है, तो आप अपने अध्ययन केन्द्र (एआई) से संपर्क कर सकते हैं। यदि इस संबंध में एआई कुछ नहीं करता तो अपने क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क करें। (परिशिष्ट 'घ' देखें)
यदि आपकी किसी समस्या/शिकायत का निवारण अध्ययन केन्द्र अथवा क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा नहीं किया जाता, तो कृपया इस पते पर लिखें :

निदेशक (विद्यार्थी सहायता सेवाएँ)
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान,
ए-24/25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा, उ.प्र.-201309
अथवा lsc@nos.org पर ई-मेल करें अथवा
टोल फ्री नं. 1800-180-9393 पर फोन करें

3 एनआईओएस में अध्ययन प्रक्रिया

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में आपको अपने आप अध्ययन करना है अर्थात् आप स्वयं सीखने वाले हैं। यहाँ आप अपनी गति और सुविधा से अध्ययन कर सकते हैं। अध्ययन प्रक्रिया में स्व-अध्ययन मुद्रित सामग्री पढ़ना, ऑडियो और वीडियो कार्यक्रमों को सुनना और देखना, अध्ययन केन्द्र में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों में उपस्थित होना और शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य करना शामिल हैं।

ऑन लाइन स्ट्रीम-1 के द्वारा प्रवेश

3.1 स्व-अध्ययन सामग्री

नोट

आपके पाठ्यक्रम शुल्क में अध्ययन सामग्री का मूल्य शामिल है। इसके लिए **अलग से भुगतान मत कीजिए।**

इसके लिए आपको विभिन्न विषयों में विशेष रूप से तैयार मुद्रित अध्ययन सामग्री एवं सहायक सामग्री डाक द्वारा आपको भेजी जाएगी।

आप अपने आवेदन पत्र में आवास का सही पता लिखिए। अध्ययन सामग्री का पार्सल वापस आने पर आपको सचिव, एनआईओएस के पक्ष में तथा दिल्ली में देय 100 रु./- (सौ रुपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट उप निदेशक, सामग्री वितरण इकाई, द्वारा-सीडब्ल्यूसी, जी.टी करनाल रोड, आर.पी बाग, दिल्ली-110033 को भेजना होगा ताकि सामग्री पुनः भेजी जा सके।

3.2 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी)

नोट

पीसीपी कक्षाओं के लिए एआई को अतिरिक्त पैसा न दें।

एआई द्वारा सिद्धांत वाले विषयों के लिए प्रति विषय **30 व्यक्तिगत संपर्क कक्षाएँ** तथा प्रयोग वाले विषयों में 5 अतिरिक्त कक्षाएँ आयोजित की जाएंगी, **जिनमें से 15 कक्षाएँ अनिवार्य हैं। आपके प्रवेश के प्रथम वर्ष में** सप्ताह के अंत में तथा अवकाश के दिनों में आमने-सामने कक्षाएँ आयोजित की जायेंगी।

पहला पीसीपी पहले ब्लॉक के प्रवेश के लिए अक्तूबर माह के पहले रविवार अर्थात् 3 अक्तूबर, 2010 को प्रातः 9.30 बजे और दूसरे ब्लॉक के प्रवेश के लिए अप्रैल माह के पहले रविवार अर्थात् 3 अप्रैल, 2011 को प्रातः 9.30 बजे आपके एआई पर तथा उसके बाद एनआईओएस के दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शनिवार और रविवार को आयोजित किए जाएँगे।

संपर्क कक्षाएँ पाठ्यक्रम पूरा करने के उद्देश्य से नहीं होतीं। **औपचारिक शिक्षा प्रणाली की तरह परम्परागत ढंग से कक्षा में पढ़ाई करने की उम्मीद न रखें।** वहाँ अध्यापक आपकी सहायता करने, समस्याओं का समाधान एवं आपके मार्गदर्शन के लिए हैं। यह आपके हित में होगा कि आप सभी संपर्क कक्षाओं में उपस्थित हों। **प्रयोग वाले विषयों में पाँच प्रायोगिक सत्रों में उपस्थिति अनिवार्य है।**

3.3 ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम

एनआईओएस अध्ययन में सहायता के लिए शैक्षिक, व्यावसायिक और सामान्य प्रकृति के ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम तैयार करता है।

एनआईओएस वीडियो कार्यक्रम देश भर में

(i) **दूरदर्शन**, डीडी I पर प्रत्येक शुक्रवार प्रातः 05.02 से 5.25 बजे तक तथा

(ii) शैक्षिक चैनल **"ज्ञान दर्शन"** पर प्रतिदिन सायं 6.30 से 7.00 बजे तक प्रसारित किए जाते हैं।

एनआईओएस के ऑडियो कार्यक्रम एफएम चैनल 'ज्ञान वाणी' पर 105.6 मेगा हर्ट्ज पर प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार को प्रातः 8.30 बजे से 9.00 बजे तक प्रसारित किए जाते हैं और इसका पुनः प्रसारण सायं 4.30 बजे से 5.00 बजे तक किया जाता है।

ऑडियो वीडियो कैसेट और सीडी का विक्रय

अधिकांश ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम अब विक्रय के लिए ऑडियो कैसेट और वीसीडी पर उपलब्ध हैं, जिनकी दर 40/- रु प्रति ऑडियो कैसेट और 100/- रु प्रति वीसीडी है। आप ये कार्यक्रम निम्नलिखित पते से खरीद सकते हैं : **उप निदेशक, सामग्री वितरण इकाई, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, द्वारा सीडब्ल्यूसी, करनाल रोड, राणा प्रताप बाग, स्टेट बैंक कॉलोनी के सामने, दिल्ली–110033 फोन 011–27416329/27462690 और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर लॉग ऑन करें : www.nios.ac.in**

3.4 शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य

अध्ययन के दौरान अपनी प्रगति की जाँच के लिए आपको प्रत्येक विषय में तीन में से कम से कम एक अनुशिक्षक अंकित मूल्यांकन जमा कराना होगा। आप अपनी एआई से अपनी टीएमए बुकलेट प्राप्त कर सकते हैं अथवा एनआईओएस की बेबसाइट से डाउनलोड भी कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अध्याय-5 देखें।

3.5 स्ट्रीम 2, 3 और 4 के अंतर्गत ऑन लाइन प्रवेश

- स्ट्रीम 2, 3 तथा 4 में ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया विशेषकर उन विद्यार्थियों के लिए बनाई गई है जो एनआईओएस की परीक्षाओं को यथाशीघ्र उपलब्ध अवसरों के आधार पर देना चाहते हैं। अत: समय की कमी के कारण एनआईओएस स्ट्रीम 2, 3 तथा 4 के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निम्नलिखित साधन उपलब्ध नहीं करायेगा।
  - अध्ययन सामग्री
  - व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) तथा
  - शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए)
- तदनुसार, एनआईओएस इन तीनों स्ट्रीम के विद्यार्थियों से पूरे पाँच वर्ष की नामांकन अवधि के दौरान अध्ययन सामग्री, पीसीपी के आयोजन तथा टीएमए के लिए कोई शुल्क नहीं लेगा। फिर भी इसके अंतर्गत शामिल विद्यार्थी एनआईओएस के वेबसाइट (**www.nios.ac.in**) द्वारा अध्ययन सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं अथवा क्षेत्रीय केन्द्रों अथवा सामग्री वितरण इकाई, दिल्ली से (तालिका-6 क के अनुसार) भुगतान करके प्राप्त कर सकते हैं।
- चूँकि इन विद्यार्थियों ने न्यूनतम समय में एनआईओएस परीक्षा में बैठने का निर्णय लिया है इसलिए उन्हें निश्चित रूप से प्रवेश के वक्त ही परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा और ऑन लाइन प्रवेश के समय ही परीक्षा फॉर्म/सूचना भरनी होगी।
- प्रवेश के वक्त विद्यार्थी को उन सभी चुने हुए विषयों को प्रवेश फॉर्म में भरना होगा जिनमें वे परीक्षा देना चाहते हैं। यदि आवश्यकता हुई तो टीओसी संबंधी विवरण भी देना होगा।
- जिस प्रकार एआई के माध्यम से और ऑन लाइन प्रवेश के स्ट्रीम 1 के द्वारा प्रवेश होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने के नौ अवसर, विषय परिवर्तन आदि की सुविधा दी जाती है, वे सारी सुविधाएँ ऑन लाइन के स्ट्रीम-2,3और 4 के अंतर्गत शामिल विद्यार्थियों को भी दी जाएगी।
- विषय परिवर्तन के लिए विवरणिका के अध्याय 2 में बताए गए एनआईओएस नियम लागू होंगे।
- प्रत्येक विद्यार्थी को भेजी गयी अध्ययन सामग्री की स्थिति एनआईओएस वेबसाइट पर देखी जा सकती है अथवा एनआईओएस के टॉल फ्री नं 1800-180-9393 से जानकारी प्राप्त करें।
- ऑन लाइन के स्ट्रीम 2, 3 और 4 के विद्यार्थी आगे की अवधि में प्रवेश के प्रकार नहीं बदल पायेंगे।

4 परीक्षा प्रणाली

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ने अपनी परीक्षा प्रणाली में कुछ नवीनताएँ अपनाई हैं, जैसे–सार्वजनिक परीक्षाओं में किसी भी संविधान द्वारा मान्य क्षेत्रीय भाषा में प्रश्नों के उत्तर लिखने की स्वतंत्रता, यद्यपि प्रश्नपत्र सामान्य तौर पर अंग्रेजी और हिंदी या उपलब्ध क्षेत्रीय माध्यम में ही दिए जाएँगे। सूचना पत्र और प्रमाणपत्र पर विद्यार्थियों की स्कैन की गई फोटो होंगी और परीक्षा केन्द्रों तथा परिणामों के बारे में जानकारी ऑन लाइन उपलब्ध कराई जाती है। इनके अतिरिक्त, एनआईओएस परीक्षा प्रणाली की प्रामाणिकता और स्तर को बनाए रखने के कुछ नए प्रयोग कर रहा है। जैसे–पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 'जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली', इसी प्रकार का एक प्रवर्तनकारी कदम है।

4.1 सार्वजनिक परीक्षाएँ

सार्वजनिक परीक्षाएँ वर्ष में दो बार अप्रैल–मई और अक्तूबर–नवंबर में एनआईओएस द्वारा निर्धारित तिथियों पर होती हैं। हालांकि, आप भी माध्यमिक स्तर और उच्चतर माध्यमिक स्तर केवल उन्हीं विषयों में जब चाहो तक परीक्षा दे सकते हैं जिनमें आपने एनआईओएस में प्रवेश लिया है।

नोट

जब तक आप निर्धारित तिथियों में परीक्षा शुल्क नहीं देते, तब तक आपको परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) सार्वजनिक परीक्षा के लिए ऑन लाइन प्रवेश के स्ट्रीम-1 के अंतर्गत पंजीकरण

एनआईओएस की परीक्षा में बैठने के लिए आपको एआई के माध्यम से तालिका–7 के अनुसार निर्धारित परीक्षा फॉर्म जमा करना होगा तथा परीक्षा शुल्क जमा करना होगा जिनकी तिथियाँ इस प्रकार हैं :

(i) **अप्रैल–मई परीक्षा के लिए :**

- **16 दिसंबर से 31 दिसंबर (विलंब शुल्क के बिना)**
- **01 जनवरी से 04 जनवरी (रु. 15/- प्रति विषय के विलंब शुल्क के साथ)**

(ii) **अक्तूबर–नवंबर परीक्षा के लिए :**

- **16 जून से 30 जून (विलंब शुल्क के बिना)**
- **01 जुलाई से 04 जुलाई (रु. 15/- प्रति विषय के विलंब शुल्क के साथ)**

नोट

परीक्षा फॉर्म विवरणिका के साथ ही संलग्न है। बाद की परीक्षाओं के लिए इसकी फोटोप्रति भी प्रयोग की जा सकती है। इसे आप अपने एआई से भी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं अथवा एनआईओएस की वेबसाइट से डाउनलोड भी कर सकते हैं।

वे विद्यार्थी जो सार्वजनिक परीक्षा में ऑन लाइन प्रवेश के साथ पंजीकरण करा रहे हैं, अपना शुल्क क्रेडिट कार्ड अथवा बैंक ड्राफ्ट सचिव, एनआईओएस के पक्ष में संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र (परिशिष्ट–घ) में देय के द्वारा आवेदन जमा होने की तिथि से एक सप्ताह के अंदर जमा कराएँ।

(ख) समेकित विलंब के साथ पंजीकरण का प्रावधान

निर्धारित तिथियों के बाद, आपके पास 500/- रु. के समेकित विलंब शुल्क के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराके पंजीकरण कराने का अवसर अब भी है। इसके लिए आपको **अप्रैल–मई परीक्षा के लिए 20 जनवरी और अक्तूबर–नवंबर परीक्षा के लिए 20 जुलाई तक** यह शुल्क सचिव, एनआईओएस के पक्ष में बने बैंक ड्राफ्ट के रूप में देना होगा जो संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र (परिशिष्ट – 'घ') पर देय हो।

इसके बाद परीक्षा के लिए पंजीकरण नहीं होगा।

(ग) एआई के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया

(i) एआईओएस की अप्रैल-मई और अक्तूबर-नवम्बर में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं में पंजीकरण के लिए आपको अपने एआई में निर्धारित समय के अंदर संपर्क करना होगा।

(ii) परीक्षा फॉर्म को भरकर **तालिका-7** के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के अंदर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अपने एआई के समन्वयक के पास जमा करायें।

(iii) परीक्षा फॉर्म विवरणिका के साथ संलग्न है, जिसकी फोटो कॉपी आगे की परीक्षाओं के लिए उपयोग की जा सकती है। इसे आप अपने एआई से मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं, अथवा यह एनआईओएस की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

(iv) आप परीक्षा फॉर्म में विषयों (जिसमें आप उपस्थित होना चाहते हैं) के सही कोडों को भरें। आपका केवल उन्हीं विषयों में पंजीकरण किया जाएगा जिनका चयन आपने प्रवेश लेते समय किया था अथवा जो भी योग्य हो। परीक्षा फॉर्म में भरे हुए कोडों की ठीक प्रकार से जाँच कर लें।

नोट

आपको अपने एआई के अतिरिक्त कहीं और परीक्षा शुल्क जमा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि आप किसी अन्य एआई पर परीक्षा शुल्क जमा कराते हैं तो आपको परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

(घ) सार्वजनिक परीक्षा के पंजीकरण के लिए स्ट्रीम 2, 3 और 4 के द्वारा ऑन लाइन प्रवेश

इन प्रकार के प्रवेश के लिए विद्यार्थी को परीक्षा में पंजीकरण के लिए ऑन लाइन प्रवेश के साथ परीक्षा शुल्क स्वत: ही निर्धारित शुल्क के अनुसार, जैसा कि विवरणिका में तालिका-6 (ख) में दिया गया है, जमा कराना होगा।

ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बिंदु

- **उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उच्चतर माध्यमिक स्तर पर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए, माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष से दो वर्ष का अंतर आवश्यक है।** यदि आपका दो वर्ष का अंतर नहीं है तो आप आने वाली अप्रैल-मई और उसके बाद अक्तूबर-नवंबर की परीक्षाओं में अधिकतम चार विषयों की परीक्षा में ही बैठ सकते हैं। शेष विषयों की परीक्षा में बैठने के लिए आप तभी योग्य होंगे जब दो वर्ष का अनिवार्य अंतर पूरा हो जाएगा। दो वर्षों का अंतर न होने पर आपका परीक्षा शुल्क पहले चार चुने गए विषयों में समायोजित किया जाएगा और यदि अन्य विषयों के लिए शुल्क का भुगतान किया गया है तो वह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा।
- किसी भी स्थिति में परीक्षा शुल्क एनआईओएस मुख्यालय, पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि आपका एआई रद्द कर दिया गया है अथवा कार्य नहीं कर रहा है तो आप अपना परीक्षा शुल्क **परिशिष्ट- 'घ'** में दिए गए क्षेत्रीय केन्द्रों में से किसी एक नजदीकी क्षेत्रीय केन्द्र पर निर्धारित तिथियों में स्वयं अथवा डाक द्वारा निर्धारित फॉर्म पर बैंक ड्राफ्ट के साथ भेजें जोकि "सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान" के पक्ष में तथा संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर देय होना चाहिए।
- अपने परीक्षा केन्द्र और परीक्षा तिथियों से संबंधित विवरण जानने के लिए परीक्षा आरंभ होने से दो सप्ताह पहले अपने एआई से संपर्क करें अथवा एनआईओएस की वेबसाइटों पर लॉग ऑन करें।
- एनआईओएस स्वयं ही परीक्षा केन्द्र निश्चित करता है। एनआईओएस द्वारा सामान्यत: जिला मुख्यालयों और उप-मंडल मुख्यालयों और एआई के नजदीक उपलब्ध जगहों पर परीक्षा केन्द्र निश्चित किए जाते हैं।
- आपको एनआईओएस द्वारा दिए गए परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा में बैठना होगा। परीक्षा केन्द्रों के आबंटन से संबंधित संस्थान का निर्णय अन्तिम होगा।
- यदि आप एनआईओएस द्वारा दिए गए परीक्षा केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र से परीक्षा देते हैं तो आपके परिणाम की घोषणा नहीं की जाएगी और आपका मामला अनुचित साधनों के प्रयोग के अंतर्गत माना जाएगा।

टिप्पणी

परीक्षा के दौरान विभिन्न रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए छूट

- एक सरकारी अस्पताल से एक लिखित निवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाणपत्र, जिसमें अक्षमता की प्रकृति और कितनी विकलांगता है, इसका भी उल्लेख होना चाहिए।
- लेखक का प्रावधान
- देखने में अक्षम अथवा विभिन्न प्रकार की अक्षमताओं वाले व्यक्तियों अथवा मानसिक पक्षाघात वाले विद्यार्थियों के लिए एक घंटा अतिरिक्त
- आकस्मिक अस्वस्थता/दुर्घटना से ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए सुविधाएँ
- अलग बैठने की व्यवस्था
- हाथ/पैर अथवा हड्डी रोग संबंधी विकलांगता, देखने में और सुनने में अक्षम, विभिन्न विकलांगताओं/मानसिक पक्षाघात कुष्ठ रोग से मुक्त विद्यार्थियों के लिए अक्षमतानुसार सुविधाएँ
- विस्तृत जानकारी के लिए कृपया अध्याय 6 देखें।

4.2 जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली (ओड्स)

यदि आप माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी हैं, तो आपके पास **जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली (ओड्स)** द्वारा परीक्षा देने का विकल्प है। ओड्स के माध्यम से आप जब भी परीक्षा देने के लिए तैयार हों, अपनी इच्छा और तैयारी के अनुसार परीक्षा दे सकते हैं, बशर्ते ओड्स परीक्षा केन्द्र में स्थान उपलब्ध हो। ओड्स के माध्यम से माध्यमिक स्तर पर परीक्षा देने के लिए उपलब्ध विषय हैं : हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, गृह-विज्ञान, टंकण (हिन्दी), टंकण (अंग्रेजी), वर्ड प्रोसेसिंग (अंग्रेजी) और मनोविज्ञान और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर भौतिकी, गणित, व्यवसाय अध्ययन, हिंदी राजनीति विज्ञान और गृह विज्ञान विषय उपलब्ध है।

फिलहाल, उपर्युक्त विषयों के लिए 'जब चाहो तब परीक्षा' (माध्यमिक एवं उच्च. माध्यमिक) का आयोजन एनआईओएस, ए-31, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा-201309, जिला गौतम बुद्व नगर (उ.प्र.) और हैदराबाद, कोलकाता, कोची, भोपाल, जयपुर, पटना और पुणे के क्षेत्रीय केन्द्रों में आयोजित की जाती है। यह सुविधा भविष्य में अन्य एनआईओएस क्षेत्रीय केन्द्रों में भी दी जाएगी।

(क) ओड्स के लिए पंजीकरण

- ओड्स की सुविधा लेने के लिए आपको एनआईओएस का पंजीकृत विद्यार्थी होना चाहिए तथा उसके पास नामांकन संख्या और एक वैध पहचान पत्र होना चाहिए;
- पहले से नामांकित विद्यार्थियों के लिए मात्र **ऑन लाइन** के माध्यम से ओड्स में पंजीकरण उपलब्ध है इसकी प्रक्रिया जानने के लिए आप एनआईओएस की वेबसाइट (www.nios.ac.in) पर जाएँ (ओड्स पर क्लिक करें और उसके बाद पूर्व विद्यार्थी ऑन लाइन ओडीई पर पंजीकरण पर क्लिक करें);
- प्रकार-1 के विद्यार्थी अप्रैल/मई 2011 की सार्वजनिक परीक्षा के बाद ओडीई में ऑन लाइन पंजीकरण करा सकते हैं;
- ओड्स में बैठने के लिए विद्यार्थी को एनआईओएस द्वारा दिए गए पहचान पत्र के साथ-साथ फोटो सहित कोई अन्य पहचान के प्रमाण जैसे वाहन लाइसेंस, मतदान पत्र, पासपोर्ट इत्यादि लाने होंगे साथ ही उन्हें कंप्यूटर निर्मित ओडीई पंजीकरण के आवेदन की मुद्रित प्रति भी लानी होगी;
- आप अगले वर्ष की अप्रैल/मई परीक्षा के पहले ओड्स द्वारा तभी परीक्षा में बैठ सकते हैं जबकि आपने किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा दी हो परंतु उत्तीर्ण नहीं कर पाए हों। ऐसी स्थिति में, आपको अपने प्रवेश पत्र/बोर्ड द्वारा जारी मूल अंकसूची अथवा पिछले विद्यालय से प्राप्त विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र के साथ आवेदन करना होगा।
- ओडीई के लिए परीक्षा शुल्क इस प्रकार है :-
  - माध्यमिक स्तर : 125/- रु. + 25/- रु. अतिरिक्त जिन विषयों में प्रयोग शामिल हैं
  - उच्च. माध्यमिक स्तर : 200/- रु. + 50/- रु. अतिरिक्त जिन विषयों में प्रयोग शामिल हैं
- जब चाहो तब परीक्षाओं का आयोजन नोएडा स्थित मुख्यालय और बहुत से क्षेत्रीय केन्द्रों में आयोजित की जाती है। विद्यार्थी ओडीई के लिए अपने क्षेत्रीय केन्द्र अथवा मुख्यालय (नोएडा) में बैठ सकता है। विदेशी विद्यार्थी किसी भी ओडीई केन्द्र में बैठ सकते हैं।
- 'जब चाहो तब परीक्षा' का भुगतान ऑन लाईन ओडीई पंजीकरण के समय क्रेडिट कार्ड अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया जा सकता है। बैंक ड्राफ्ट 'सचिव' एनआईओएस के पक्ष में, और संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र/नोएडा में देय होना चाहिए जहाँ से वह परीक्षा में बैठना चाहता है।
- बैंक ड्राफ्ट को ओडीई ऑन लाईन पंजीकरण के आवेदन की मुद्रित प्रति और पहचान पत्र की प्रति के साथ तुरंत सहायक निदेशक (ओड्स), एनआईओएस, जब चाहो तब परीक्षा इकाई, ए-31, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा-201309, अथवा संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र के पते पर प्रभारी (ओड्स इकाई) को भेजें।
- **ओड्स परिणाम की घोषणा के बाद विद्यार्थी रु. 100/- + रु. 40 (डाक खर्च) के निर्धारित शुल्क के साथ अंक सूची/माइग्रेशन और तदर्थ प्रमाणपत्रों (उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए) के लिए मूल्यांकन विभाग (एमएवंएम), एनआईओएस अथवा संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र को आवेदन करें।**
- जिन विद्यार्थियों के जरूरी दस्तावेजों के साथ बैंक ड्राफ्ट संबंधित कार्यालयों में नहीं प्राप्त होंगे उन्हें ओडीई की परीक्षा में बैठने की अनुमति नही दी जाएगी।
- किसी विशेष विषय में एक ही महीने में दो बार ओडीई ऑन लाइन पंजीकरण की अनुमति नहीं है।
- पंजीकरण में कोई भी समस्या आने पर विद्यार्थी lsc@nos.org अथवा support@nos.org पर मेल करें या 18001809393 पर डायल करें।

4.3 पास विषयों के अंकों को शामिल करना

आप पाँच वर्ष की अवधि में नौ बार सार्वजनिक परीक्षाओं में बैठ सकते हैं। संस्थान आपके उत्तीर्ण किए गए विषयों को कम्प्यूटर में तब तक एकत्रित करता रहेगा, जब तक कि आप प्रमाणपत्र हेतु आवश्यक विषयों में सफलता हासिल न कर लें। बेहतर शिक्षा एवं अच्छे परिणाम के लिए इस सुविधाजनक योजना का लाभ उठाइए।

संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों की पुस्तकों को समय-समय पर संशोधित करना आवश्यक हो जाता है और ऐसे मामले में एनआईओएस का निर्णय मान्य होगा।

नोट

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान अपने विद्यार्थियों को बोनाफाइड / स्थानांतरण/विद्यालय छोड़ने/चरित्र/जन्म तिथि सम्बन्धी प्रमाण पत्र नहीं देता।

प्रयोग वाले विषयों में आंशिक क्रेडिट

(क) अगर उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में आप किसी विषय की प्रयोग परीक्षा में पास हो जाते हैं और सिद्धांत परीक्षा में फेल हो जाते हैं, तो ऐसी स्थिति में आपके प्रयोग परीक्षा के प्राप्तांक जमा कर लिए जायेंगे और अगली परीक्षा में आप केवल सिद्धांत परीक्षा में ही भाग ले सकते हैं। परन्तु अगर आप अच्छे अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से दोबारा प्रयोग परीक्षा में भी सम्मिलित होना चाहें तो दोनों प्रयोग परीक्षाओं में से अधिक प्राप्तांक ही परीक्षाफल में दर्शाये जायेंगे। इसी प्रकार अगर आप सिद्धांत परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाएँ और प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहते हैं तो सिद्धांत परीक्षा के प्राप्तांक आंशिक क्रेडिट में जमा रखे जायेंगे। दोनों स्थितियों में आपको सिद्धांत एवं प्रयोग परीक्षा दोनों का परीक्षा शुल्क जमा कराना होता है, भले ही आप किसी एक परीक्षा में सम्मिलित न हों।

(ख) माध्यमिक परीक्षा में सिद्धांत एवं प्रयोग परीक्षा को एक ही इकाई में रखा गया है और आपको दोनों के योग में उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। इसलिए पुनः परीक्षा देने की स्थिति में सिद्धांत व प्रयोग दोनों परीक्षाओं में भाग लेना आवश्यक होता है।

4.4 अंकों की स्थिति में सुधार

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान आपको उन विषयों में पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देता है, जिनमें आप कम अंकों से उत्तीर्ण हैं तथा अंकों में सुधार करना चाहते हैं। परन्तु यह अवसर प्रवेश वर्ष से मात्र एक बार दिया जाएगा। आपको इन परीक्षाओं के लिए सामान्य परीक्षाओं की तरह ही परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा करना होगा। ऐसा अवसर आपको प्रवेश के वर्ष से पाँच वर्ष की अवधि में मात्र एक बार ही दिया जा सकेगा।

जिन विषयों में प्रयोग शामिल हैं उनमें अंकों को सुधारने के लिए सिद्धांत व प्रयोग दोनों की परीक्षा देनी होगी। इन परीक्षाओं में बेहतर प्राप्तांक को ध्यान में रखकर आपको अंक सूची जारी की जाएगी।

4.5 अंक सूची और प्रमाणपत्र जारी करना

परिणाम की घोषणा के बाद आप अपने एआई द्वारा एक अंकसूची प्राप्त करेंगे। अस्थायी और माइग्रेशन प्रमाणपत्र केवल सफल विद्यार्थियों को ही दिया जाएगा। उत्तीर्ण प्रमाणपत्र परिणाम की घोषणा के लगभग छह माह बाद जारी किया जाएगा।

तालिका-7 : परीक्षा एवं अन्य विविध शुल्क

(i) माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए	
• परीक्षा शुल्क	= 100/- रु. (प्रति विषय)
• प्रयोग के लिए अतिरिक्त शुल्क उन विषयों के लिए जिनमें सिद्धांत एवं प्रयोग दोनों हैं	= 50/- रु. (प्रति विषय)
• परीक्षा के लिए विलंब शुल्क (अंतिम तिथि के बाद)	= 15/- रु. (प्रति विषय)
(ii) अन्य विविध शुल्क	
• प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति	= 100 रु.
• अस्थायी प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति	= 100 रु.
• माइग्रेशन प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति	= 100 रु.
• अंक सूची की दूसरी प्रति	= 100 रु.
• डाक खर्च (यदि सामग्री स्पीड पोस्ट से भेजी जाती है)	= 40 रु.
• पहचान पत्र की दूसरी प्रति	= 100 रु.
• उत्तरपुस्तिका की पुनः जांच	= 200 रु. प्रति विषय
• उत्तरपुस्तिका का पुनः मूल्यांकन (उच्चतर माध्यमिक परीक्षा)	= 500 रु. प्रति विषय

टिप्पणी:

(i) परीक्षा शुल्क सभी विद्यार्थियों द्वारा दिया जाना अनिवार्य है।

(ii) परीक्षा शुल्क माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं के लिए समान है।

(iii) परीक्षा के लिए एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही आगामी परीक्षाओं के लिए रखा जाएगा।

(iv) अंक सूची, प्रमाण पत्र और माइग्रेशन की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए, एनआईओएस की वेबसाइट से आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर लें अथवा इसे संबंधित क्षेत्रीय केन्द्रों/उप-केन्द्रों से प्राप्त कर लें।

(v) अस्थायी प्रमाणपत्र, माइग्रेशन प्रमाणपत्र तथा अंक सूची की दूसरी प्रति में से कोई भी प्रमाणपत्र अतिशीघ्र प्राप्त करने के लिए 200 रुपये/- निर्धारित है और ये दस्तावेज आपको आवेदन प्राप्त होने के 48 घंटों के भीतर दिए जाएँगे।

यदि आप अतिरिक्त विषयों में उत्तीर्ण होते हैं अथवा एक अथवा अधिक विषयों में अंक सुधारने के लिए परीक्षा देते हैं और उसमें सफल होते हैं तो आपको कोई नया प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा; आपको केवल एक अंकसूची दी जाएगी। **जब तक विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूरा नहीं करते, उन्हें माइग्रेशन प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

नोट : परीक्षा परिणाम आने के बाद यदि विद्यार्थी को एनआईओएस द्वारा जारी अंक सूची और प्रमाणपत्र में कोई अशुद्धि मिलती है तो वह इसमें संशोधन के लिए संबंधित क्षेत्रीय निदेशक को परीक्षा परिणाम निकलने के 90 दिनों के भीतर आवेदन करें अन्यथा आपके अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4.6 प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए मानदण्ड

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए एनआईओएस द्वारा निर्धारित मानदण्ड निम्नलिखित हैं :-

तालिका-8 : प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए मानदण्ड

पाठ्यक्रम	एक विषय में उत्तीर्ण होने का मानदण्ड	प्रमाणपत्र प्राप्त करने का मानदण्ड
माध्यमिक पाठ्यक्रम (कक्षा दसवीं)	सार्वजनिक परीक्षा में कम से कम कुल 33% प्राप्तांक (सिद्धांत एवं प्रयोग दोनों में मिलाकर जहाँ लागू हो)	कम से कम एक परन्तु अधिकतम दो भाषाओं सहित 5 विषयों में उत्तीर्ण।
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम (कक्षा बारहवीं)	सार्वजनिक परीक्षा में कम से कम कुल 33% सार्वजनिक परीक्षा में परिणाम के साथ-साथ सिद्धांत एवं प्रयोग में अलग से 33% प्राप्तांक	कम से कम एक परन्तु अधिकतम दो भाषाओं सहित 5 विषयों में उत्तीर्ण।

4.7 परीक्षा योजना

परीक्षा योजना संबंधी विवरण, जिसमें प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्रों की संख्या, अधिकतम अंक और परीक्षा की अवधि संबंधी विवरण है, **तालिका-9** में दिया गया है।

तालिका-9 : परीक्षा योजना

क) माध्यमिक परीक्षा

कोड	विषय		प्रश्नपत्रों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि (घंटे)
समूह 'क'					
201	हिंदी		1	100	3
202	अंग्रेजी		1	100	3
206	उर्दू	इन विषयों की परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाएगी।	1	100	3
209	संस्कृत		1	100	3
203	बँगला		1	100	3
204	मराठी		1	100	3
205	तेलुगू		1	100	3
207	गुजराती		1	100	3
208	कन्नड़		1	100	3
210	पंजाबी		1	100	3
228	असमिया		1	100	3
231	नेपाली		1	100	3
232	मलयालम		1	100	3
233	उड़िया		1	100	3
235	अरबी		1	100	3
236	फारसी		1	100	3
237	तमिल		1	100	3
समूह 'ख'					
211	गणित		1	100	3
212	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	(सिद्धांत)	1	85	2½
		(प्रयोग)	1	15	3
213	सामाजिक विज्ञान		1	100	3
214	अर्थशास्त्र		1	100	3
215	व्यवसाय अध्ययन		1	100	3
216	गृह विज्ञान	(सिद्धांत)	1	85	2½
		(प्रयोग)	1	15	3
219	वर्ड प्रोसेसिंग (अं.)	(सिद्धांत)	1	40	2
		(प्रयोग)	1	60	2
222	मनोविज्ञान		1	100	3
223	भारतीय संस्कृति एवं विरासत		1	100	3
225	चित्रकला	(सिद्धांत)	1	30	1½
		(प्रयोग)	1	70	3

ख) उच्चतर माध्यमिक परीक्षा

कोड	विषय		प्रश्न पत्रों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि (घंटे)
समूह 'क'					
301	हिंदी		1	100	3
302	अंग्रेजी		1	100	3
303	उर्दू		1	100	3
309	संस्कृत		1	100	3
समूह 'ख'					
311	गणित		1	100	3
312	भौतिकी	(सिद्धांत)	1	80	3
		(प्रयोग)	1	20	3
313	रसायन विज्ञान	(सिद्धांत)	1	80	3
		(प्रयोग)	1	20	3
314	जीव विज्ञान	(सिद्धांत)	1	80	3
		(प्रयोग)	1	20	3
315	इतिहास		1	100	3
316	भूगोल	(सिद्धांत)	1	80	3
		(प्रयोग)	1	20	3
317	राजनीति विज्ञान		1	100	3
318	अर्थशास्त्र		1	100	3
319	वाणिज्य/व्यवसाय अध्ययन	1	100	3	
320	लेखाशास्त्र		1	100	3
321	गृह विज्ञान	(सिद्धांत)	1	80	3
		(प्रयोग)	1	20	3
327	वर्ड प्रोसेसिंग (अं.)	(सिद्धांत)	1	40	2
		(प्रयोग)	1	60	2
328	मनोविज्ञान		1	100	3
330	कम्प्यूटर विज्ञान	(सिद्धांत)	1	60	3
		(प्रयोग)	1	40	2
331	समाजशास्त्र		1	100	3
332	चित्रकला	(सिद्धांत)	1	30	1½
		(प्रयोग)	3	70	6
335	जन संचार	(सिद्धांत)	1	80	3
		(प्रयोग)	1	20	3

टिप्पणी (तालिका 9 समूह क के लिए लागू)

समूह क में कम से कम एक और अधिकतम दो भाषाएँ ही प्रमाणपत्र के लिए ली जा सकती है। हालांकि तीसरी भाषा एक अतिरिक्त विषय के रूप में ली जा सकती है।

4.8 उत्तरपुस्तिका की पुन: जाँच

> **नोट**
>
> पुन: जाँच के बाद संशोधित (कम अथवा अधिक) अंक अंतिम होंगे एवं पुन: जांच के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी/ विद्यार्थियों को मान्य होंगे।

यदि आप किसी सार्वजनिक परीक्षा में बैठे हैं और आप अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं तो एनआईओएस आपको अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की पुन: जाँच के लिए एक अवसर प्रदान करता है, जिसमें अंकों की पुन: गणना की जाती है और यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक प्रश्न का मूल्यांकन किया गया है और प्राप्त अंकों का कुल योग सही है। याद रखिए कि **पुन: जांच के दौरान उत्तरों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाता।** आप परिणाम घोषित होने के **30 दिनों के भीतर** उत्तरपुस्तिका की पुन: जाँच के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपको निर्धारित प्रोफार्मा (जिसे एनआईओएस वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है) अथवा सादे कागज पर आवेदन करना होगा। आपको **प्रति विषय 200/-रु (दो सौ रुपए केवल) का शुल्क** सचिव, एनआईओएस के पक्ष में एवं संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर देय बैंक ड्राफ्ट के रूप में देना होगा। पुन: जांच कार्य आपसे प्राप्त आवेदन प्राप्ति के 45 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। परन्तु, किसी भी स्थिति में आपको या किसी अन्य को उत्तर पुस्तिका/उत्तरपुस्तिकाएँ नहीं दिखाई जाएँगी।

4.8.1 उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उत्तरपुस्तिका का पुन: मूल्यांकन

इस वर्ष से केवल उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उत्तर पुस्तिकाओं के पुन: मूल्यांकन का एक अलग प्रावधान प्रारंभ किया गया है। आप परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर किसी भी विषय के पुन: मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपको निर्धारित प्रोफार्मा (जिसे एनआईओएस वेबसाइट से भी डाउनलोउ किया जा सकता है) अथवा सादे कागज पर आवेदन करना होगा। आपको प्रति विषय रु. 500/- (पाँच सौ रुपए केवल) का शुल्क सचिव, एनआईओएस के पक्ष में एवं संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर देय बैंक ड्राफ्ट के रूप में देना होगा। पुन: मूल्यांकन का कार्य आपसे प्राप्त आवेदन प्राप्ति के 45 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। परंतु किसी भी स्थिति में आपको या किसी अन्य को उत्तर पुस्तिका (एँ) नहीं दिखाई जाएँगी।

4.9 अनुचित साधन

परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर आपकी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी और आपको आगामी परीक्षाओं में बैठने से भी रोका जा सकता है यहाँ तक कि आपका प्रवेश भी रद्द किया जा सकता है।

सार्वजनिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका के दूसरे पृष्ठ पर अनुचित साधनों के प्रयोग से संबंधित नियम छपे हैं। आप उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए।

4.10 शिक्षा का स्तर और मान्यता

एनआईओएस ने शिक्षा का उच्च स्तर बनाये रखा है और इसे विभिन्न राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्डों से मान्यता प्राप्त है। इसका उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है और पृथक रूप से इसे देश भर के बहुत से कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए इसकी मान्यता है। एनआईओएस पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने वाले बोर्डों और विश्वविद्यालयों की सूची **क्रमश: परिशिष्ट 'क' और 'ख'** में दी गई है।

4.11 प्रवेश के रिकॉर्डों में संशोधन की प्रक्रिया

- सामान्य तौर पर किसी पाठ्यक्रम विशेष में प्रवेश की पुष्टि एनआईओएस द्वारा जारी एक पहचान पत्र द्वारा की जाती है जिसमें एनआईओएस में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार विद्यार्थी के प्रवेश संबंधी विवरण होते हैं।
- यदि आपके ''नाम'' अथवा ''पिता के नाम'' अथवा ''जन्मतिथि'' अथवा ''पता'' अथवा ''फोटो'' आदि में कोई त्रुटि रह गयी है तो कृपया दस्तावेजी प्रमाण के साथ अपने अध्ययन केन्द्र अथवा संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र में आवेदन करें।
- यदि आप परिणाम की घोषणा होने के बाद कोई त्रुटि पाते हैं और आपको उत्तीर्ण होने संबंधी दस्तावेज़ (अंकसूची, माइग्रेशन और अस्थायी प्रमाणपत्र) जारी कर दिए गए हैं तो कृपया एक माह के भीतर ही दस्तावेज़ी प्रमाण और एनआईओएस द्वारा जारी गलत विवरण वाले दस्तावेज़ों (अंकसूची, माइग्रेशन अथवा अस्थायी प्रमाणपत्र अथवा अंतिम प्रमाणपत्र) के साथ अध्ययन केन्द्र अथवा संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र में आवेदन करें।

- कृपया ध्यान दें कि संशोधित, त्रुटिरहित दस्तावेज केवल तभी जारी किए जाएंगे जब आपने अपने आवेदन के साथ एनआईओएस द्वारा जारी गलत विवरण वाले दस्तावेज़ (अंकसूची, माइग्रेशन अथवा अस्थायी प्रमाणपत्र अथवा अंतिम प्रमाणपत्र) जमा किए हों।

प्रवेश के रिकॉर्डों में संशोधन के लिए आवेदन का प्रोफार्मा एनआईओएस वेबसाईट पर विद्यार्थी सूचना प्रणाली अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

4.12 एनआईओएस विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार और वजीफे

(i) "भूगोल में श्रेष्ठ अंकों के लिए सुश्री रस्तोगी पुरस्कार"

शैक्षिक वर्ष 2005 से उच्चतर माध्यमिक स्तर पर एनआईओएस के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए एक पुरस्कार आरंभ किया गया जो "भूगोल में श्रेष्ठ अंकों के लिए सुश्री संतोष रस्तोगी पुरस्कार' है। 500/- रुपये के पाँच पुरस्कार प्रत्येक वर्ष दिए जाएंगे।

यह पुरस्कार उन विद्यार्थियों को दिया जाएगा जो वर्ष की अप्रैल-मई तथा अक्तूबर-नवंबर, की परीक्षाओं में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर भूगोल के विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हैं। इन दोनों परीक्षाओं के सर्वाधिक अंकों पर विचार किया जाएगा। यदि दो विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक हैं तो जिस विद्यार्थी के कुल अंक अधिक होंगे उसे यह पुरस्कार दिया जाएगा। यदि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ने उस विषय में क्रेडिट स्थानांतरण कराया है तो दूसरे स्थान पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कार देने के लिए मान्य माना जाएगा।

(ii) "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित मेधावी विद्यार्थियों के लिए डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय वजीफा योजना"

वजीफा योजना का क्रियान्वयन सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय के मार्ग दर्शन में डॉ. अम्बेडकर फॉउंडेशन द्वारा 1992 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित मेधावी छात्रों को मान्यता देने, प्रोत्साहन देने और सहायता देने के दृष्टिकोण से किया गया है। यह एक समय में दिया जाने वाला नकद पुरस्कार है जो शिक्षा बोर्ड/समिति द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थियों को दिया जाएगा। अनु. जाति और अनु. जनजाति के लिए अलग-अलग पुरस्कार होगा। यदि प्रथम तीन योग्य विद्यार्थी बालिकाएँ न हों तो सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिका को एक विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

डॉ. अम्बेडकर वजीफे के लिए योग्यता मानदण्ड :

(i) विद्यार्थी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति का होना चाहिए।

(ii) पिछले वित्तीय वर्ष में सभी स्रोतों से हुई विद्यार्थी के परिवार की आय एक लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

(iii) विद्यार्थी ने एनआईओएस सहित किसी भी मान्यता प्राप्त राज्य/अखिल भारतीय शिक्षा बोर्डों में से किसी एक की परीक्षा दी हो और माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्रों में उसके कुल अंक 50% प्रतिशत से कम नहीं होने चाहिए।

5 शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र (टीएमए)

एनआईओएस ने विद्यार्थियों को अच्छी तरह से सीखने में सहायता पहुँचाने के लिए अनेक उपाए किए और रणनीतियाँ बनाईं जिनमें सफलता भी मिली। टीएमए उनमें से एक साधन है जो मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षा प्रक्रिया में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीएमए विद्यार्थियों को अपनी प्रगति एवं उपलब्धि जानने में सहायता पहुँचाता है और निरंतर पढ़ने की आदत विकसित करता है। साथ ही वह व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) के दौरान नैदानिक तथा उपचारात्मक रणनीति बनाने में सहायक होता है।

प्रत्येक विषय में तीन मूल्यांकन पत्र हैं जो कि पुस्तिका के रूप में हैं। विषय शिक्षक उसका मूल्यांकन करेंगे और तत्पश्चात् शुद्धि एवं सुधार के उपाय बताएँगे।

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में टीएमए के अंक ग्रेडों में होंगे जिनके अंक सार्वजनिक परीक्षा में नहीं जोड़े जाएंगे। फिर भी दो अच्छे ग्रेड वाले मूल्यांकन पत्रों को अंक सूची में अलग से दर्शाया जाएगा। ऑन लाइन प्रवेश के स्ट्रीम-1 के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों पर लागू होगा। **किसी विषय विशेष की परीक्षा में बैठने से पहले टीएमए जमा करना होगा।**

विद्यार्थी अपने मूल्यांकन पत्र अध्ययन केन्द्र पर व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) करने वाले विषय शिक्षक को तालिका-क एवं तालिका-ख में नीचे दी गई तिथियों पर जमा करायेंगे तथा जमा करने की रसीद प्राप्त करेंगे। यदि प्रशासनिक कारणों से अध्ययन केन्द्र कार्य नहीं कर रहा हो अथवा बंद कर दिया गया हो तो विद्यार्थी निर्धारित तिथियों पर अपना टीएमए संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा कराएँ। जिन विषयों में टीएमए लागू होता है उनकी सूची तालिका-ग में दी गई है।

तालिका (क) : अप्रैल/मई में आयोजित होनेवाली परीक्षा में बैठने हेतु

मूल्यांकन पत्रों की संख्या	विद्यार्थियों द्वारा एआई को	विषय शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सुझाव
टीएमए - I	5 दिसंबर	15 दिसंबर तक
टीएमए - II	5 जनवरी	15 जनवरी तक
टीएमए - III	5 फरवरी	15 फरवरी तक

तालिका (ख) : अप्रैल/मई में आयोजित होनेवाली परीक्षा में बैठने हेतु

मूल्यांकन पत्रों की संख्या	विद्यार्थियों द्वारा एआई को	विषय शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सुझाव
टीएमए - I	5 जून	15 जून तक
टीएमए - II	5 जुलाई	15 जुलाई तक
टीएमए - III	5 अगस्त	15 अगस्त तक

यदि निर्धारित अंतिम तिथि को सार्वजनिक अवकाश/शनिवार/रविवार होगा तो अगला कार्यदिवस को ही अंतिम तिथि माना जाएगा।

तालिका (ग) : टीएमए वाले विषयों की सूची

माध्यमिक स्तर		उच्चतर माध्यमिक स्तर	
विषय कोड	विषय	विषय कोड	विषय
201	हिंदी	301	हिंदी
202	अंग्रेजी	302	अंग्रेजी
203	बँगला	306	उर्दू
204	मराठी	309	संस्कृत
205	तेलुगू	311	गणित
206	उर्दू	312	भौतिकी
207	गुजराती	313	रसायन विज्ञान
208	कन्नड़	314	जीव विज्ञान
209	संस्कृत	315	इतिहास
210	पंजाबी	316	भूगोल
211	गणित	317	राजनीति विज्ञान
212	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	318	अर्थशास्त्र
213	सामाजिक अध्ययन	319	व्यवसाय अध्ययन
214	अर्थशास्त्र	320	लेखाशास्त्र
215	व्यवसाय अध्ययन	321	गृह विज्ञान
216	गृह विज्ञान	328	मनोविज्ञान
222	मनोविज्ञान	330	कंप्यूटर विज्ञान
223	भारतीय संस्कृति एवं विरासत	331	समाजशास्त्र
225	चित्रकला	332	चित्रकला
228	असमिया	335	जन संचार
231	नेपाली		
232	मलयालम		
233	उड़िया		
235	अरबी		
236	फारसी		
237	तमिल		

6 एनआईओएस परीक्षा के दौरान सामान्य और विशिष्ट सुविधाएँ (विकलांगता के अनुसार)

एनआईओएस की परीक्षा में, विकलांग विद्यार्थियों को सामान्य सुविधाओं के साथ विकलांगता के अनुसार लेखक की सुविधा दी गई है। **जो विद्यार्थी परीक्षा में सुविधा चाहते हैं उन्हें संबंधित क्षेत्रीय निदेशक या निदेशक (मूल्यांकन), एनआईओएस, ए-24-25, सेक्टर-62, नोएडा-201309 (उ.प्र.) को एक आवेदन देना होगा और उसके साथ सरकारी अस्पताल/चिकित्सा संस्थान से चिकित्सा प्रमाणपत्र लेना होगा जिसमें विकलांगता के स्वरूप तथा कितनी विकलांगता है उसका भी उल्लेख होना चाहिए।** परीक्षा में बैठने के दौरान, विद्यार्थी उत्तरपुस्तिका के शीर्ष पर अपनी विकलांगता को लिखें जिसे उनके केन्द्र अधीक्षक प्रमाणित करेंगे। केन्द्र अधीक्षक अधिकतम चार विद्यार्थियों को एक अलग परीक्षा कक्ष में अलग निरीक्षक के साथ बैठने की व्यवस्था करेंगे।

6.1 विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ

1. देखने में अक्षम मस्तिष्क रोग से पीड़ित अथवा अन्य रूप से अक्षम विद्यार्थी को प्रत्येक विषय में एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
2. देखने में अक्षम अथवा अन्य रूप से अक्षम अथवा मस्तिष्क रोग से पीड़ित विद्यार्थी को मुफ्त में लेखक की सुविधा दी जाएगी। अन्य विद्यार्थियों को लेखक के लिए शुल्क देना होगा।
3. ऐसे विद्यार्थी जिनके हाथ काम नहीं कर रहे हों और बोलने में अक्षम हों किंतु जो इशारे की भाषा समझ सकते हों (शिक्षक के विषय, अभिभावक या भाई/बहन को छोड़कर)।
4. ऐसे विद्यार्थी जिनके हाथ थोड़े बहुत कार्य कर रहे हैं परंतु बोलने में अक्षम हों, उन्हें परीक्षा में कंप्यूटर के प्रयोग की इजाजत दी जाएगी।
5. व्हीलचेयर वाले विद्यार्थी को भूतल पर परीक्षा देने की सुविधा दी जाएगी खास तौर पर जहाँ लिफ्ट की सुविधा न हो।
6. एसएआईईडी के अंतर्गत दाखिला लेनेवाले विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी के वे ही केन्द्र होंगे जहाँ पर्याप्त सुविधाएँ होंगी तथा विशेष शिक्षक होंगे जो आवश्यकता पड़ने पर सहायता करेंगे। परीक्षा के दौरान एनआईओएस द्वारा तैनात निरीक्षक परीक्षा की मॉनीटरिंग करेंगे।

6.2 लेखक का प्रावधान

6.2.1 लेखक उपलब्ध कराने संबंधी मामले

(i) देखने में अक्षम, अन्य अक्षम, मस्तिष्क रोग से पीड़ित विद्यार्थी,

(ii) अचानक बीमार होने पर परीक्षा में लिखने में असमर्थ होने पर। इस बीमारी को कम से कम सरकारी/म्युनिसिपल अस्पताल/औषधालय के सहायक सर्जन स्तर के चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

(iii) दुर्घटना होने पर घायल विद्यार्थी यदि लिखने में असमर्थ होता है तो दुर्घटना के स्वरूप एवं विद्यार्थी की अक्षमता को कम से कम सरकारी/म्युनिसिपल अस्पताल अथवा औषधालय द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

6.2.2 लेखक की योग्यता

(i) लेखक ऐसा विद्यार्थी हो सकता है जो परीक्षार्थी से नीचे की कक्षा में हो।

(ii) लेखक परीक्षार्थी का सगा संबंधी नहीं होना चाहिए।

(iii) केन्द्र अधीक्षक उपर्युक्त (i) एवं (ii) को सुनिश्चित करेंगे और इस संबंध में एक प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे।

(iv) परीक्षा केन्द्र के केन्द्र अधीक्षक जहाँ तक संभव हो स्कूल से एक उपयुक्त व्यक्ति को चुनेंगे तथा संबंधित क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक (मूल्यांकन) एनआईओएस को उसका नाम विवरण सहित विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ भेजेंगे।

(v) लेखक की सेवाएँ मात्र सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों में ही ली जा सकती है।

6.2.3 लेखक हेतु शुल्क

लेखक को 100/- रु. प्रति सत्र परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक द्वारा दिया जाएगा। विद्यार्थी को कोई शुल्क देने की आवश्यकता नही है।

6.3 विकलांगता के अनुसार सुविधाएँ

6.3.1 हाथ/पैर अथवा हड्डी रोग संबंधी विकलांगता

1. हाथ/पैर अथवा हड्डी रोग संबंधित विकलांग को विकलांग विद्यार्थी नहीं माना जाएगा और उन्हें परीक्षा के दौरान अलग व्यवस्था की जरूरत नहीं है।
2. पोलियो प्रभावित विद्यार्थी एवं जिनके हाथ घायल हों उन्हें लेखक की सुविधा दी जा सकती है।

6.3.2 देखने में अक्षम विद्यार्थी

1. देखने में अक्षम विद्यार्थियों को लेखक लेने, ब्रेल टाइपराइटर अथवा कंप्यूटर का परीक्षा में प्रयोग करने की अनुमति देनी चाहिए। जब कोई विद्यार्थी ब्रेल का प्रयोग करते हुए परीक्षा देता है तब एनआईओएस देखने में अक्षम के लिए कार्य करने वाली संस्था से सहायता लेगा ताकि सामग्री को कागज पर दिया जा सके और उसका मूल्यांकन अन्य विद्यार्थियों के साथ किया जा सके। विद्यार्थी को ब्रेल, टाइपराइटर, कंप्यूटर इत्यादि परीक्षा के लिए लाने होंगे।
2. टॉकिंग कैलकुलेटर, एबेकस, टेलर फ्रेम तथा ज्यामिति ड्राईंग किट इत्यादि उपकरणों को परीक्षा हॉल में ले जाने की अनुमति दी जाए।
3. प्रायोगिक परीक्षा के स्थान पर देखने में अक्षम विद्यार्थी को दक्षता आधारित परियोजना दी जाए।
4. कंप्यूटर दक्षता वाले पाठ्यक्रम में उपकरण परीक्षा आयोजित करने वाला केन्द्र उपलब्ध कराएगा।

6.3.3 सुनने में अक्षम विद्यार्थी

1. दुभाषिये (इशारों की भाषा बताने वाले व्यक्ति) को सुनने में अक्षम विद्यार्थियों को प्रश्न समझाने के लिए परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।
2. दुभाषिये को लेखक के समान भुगतान किया जाएगा।
3. एक परीक्षा केन्द्र पर एक दुभाषिया होना चाहिए। दुभाषिए की नियुक्ति के बारे में केन्द्र अधीक्षक निर्णय लेंगे।

6.3.4 विभिन्न विकलांगताएँ/मानसिक पक्षाघात

1. माउस के स्थान पर ट्रैकबॉल, संचार बोर्ड इत्यादि समरूप हार्डवेयर सहित कंप्यूटर की अनुमति दी जानी चाहिए।
2. आरामदायक कुर्सी, टेबल, बेड इत्यादि परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराने चाहिए यदि विद्यार्थी अत्यधिक विकलांग हो और यदि उसे इनकी जरूरत हो।
3. जहाँ जरूरी हो वहाँ प्रश्नपत्र पढ़ने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

6.3.5 मानसिक रोग वाले विद्यार्थी

1. माउस के स्थान पर ट्रैकबॉल, संचार बोर्ड इत्यादि समरूप हार्डवेयर सहित कंप्यूटर की अनुमति दी जानी चाहिए।
2. आरामदायक कुर्सी, टेबल, बेड इत्यादि परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराने चाहिए यदि उसे इनकी जरूरत हो।

6.3.6 कुष्ठ रोग से मुक्त विद्यार्थी

कुष्ठ रोग से मुक्त विद्यार्थियों पर भी सामान्य सुविधाएँ लागू होंगी।

नोट : यदि कोई विद्यार्थी विकलांग हो और उपर्युक्त किसी श्रेणी में शामिल नहीं हो तो उसे सुविधा प्राप्त करने के लिए परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक के पास जाना होगा। मामले को संबंधित क्षेत्रीय निदेशक अथवा निदेशक (मूल्यांकन), एनआईओएस, ए-24/25, सेक्टर-62, नोएडा - 201309 (उ.प्र.) को भेजा जाएगा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षाओं और प्रमाणपत्र को मान्यता देने वाले बोर्डों की सूची

आंध्र प्रदेश

- आंध्र प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, विंध्या भवन, नामपल्लै
  शर्तें : पाँच विषयों में मुख्यत : अंग्रेजी एक प्रमुख भारतीय भाषा के रूप में गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान 35% अंक सहित उत्तीर्ण जिसे आंध्र प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दिये जा रहे एसएससी के समकक्ष माना जाए।
- आंध्र प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, हैदराबाद–500001

असम

- असम उच्चतर माध्यमिक शैक्षिक परिषद्, अम्बारी, गुवाहाटी।

दिल्ली

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा केंद्र, 2, सामुदायिक केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110 092
- भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद्, प्रगति हाउस, तीसरी मंजिल – 47–48, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110 019
  शर्तें : माध्यमिक : विद्यार्थी ने एक समय में पाँच विषयों में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इन पाँच विषयों में अंग्रेजी और एक द्वितीय भाषा तथा तीन अन्य लिखित विषय शामिल होने चाहिए।
  उच्चतर माध्यमिक : विद्यार्थी ने एक समय की परीक्षा में एक साथ अंग्रेजी भाषा के साथ अन्य तीन विषयों में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त किए हों।

गोवा

- गोवा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, एल्टो बेटिम, गोवा – 403521

हरियाणा

- हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, पंचकुला
  शर्तें : माध्यमिक : हिंदी, अंग्रेजी (अनिवार्य), गणित, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान एवं ऐच्छिक विषयों में विद्यार्थी उत्तीर्ण हुआ हो।
  उच्चतर माध्यमिक : बोर्ड पाठ्यक्रम में दिए गए सभी विषयों, जैसे – हिंदी, अंग्रेजी (अनिवार्य) और विद्यार्थी द्वारा चुने गए किन्हीं तीन विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

हिमाचल प्रदेश

- हिमाचल प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला – 176215, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
  शर्तें : विद्यार्थी ने माध्यमिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में से कोई चार विषय लिए हों तथा निम्न में से कोई एक (क) संस्कृत/उर्दू/तमिल/तेलुगू (ख) एक ऐच्छिक विषय चुने हों और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी सहित तीन ऐच्छिक विषय निम्न तीन (क) मानविकी, (ख) विज्ञान, (ग) वाणिज्य में से चुने हों।

जम्मू और कश्मीर

- जम्मू और कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड, नया परिसर, बेमिना, श्री नगर–190010

झारखंड

- झारखंड शैक्षिक परिषद्, रांची

मध्य प्रदेश

- मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भोपाल – 462011

महाराष्ट्र

- महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पुणे।
  शर्तें : उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एनआईओएस से माध्यमिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी सहित पाँच विषयों में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

मेघालय

- मेघालय स्कूल शिक्षा बोर्ड, तूरा – 794001

मिजोरम

- मिजोरम स्कूल शिक्षा बोर्ड, एज्वाल – 796012

नागालैंड

- नागालैंड स्कूल शिक्षा बोर्ड, कोहिमा
  शर्तें : पांच विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण।

उड़ीसा

- उड़ीसा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, बजराकबाटी रोड, कटक–753001
- उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद्, भुवनेश्वर
  शर्तें : राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की उ.मा. परीक्षा दो भाषाओं, अंग्रेजी तथा कोई अन्य भारतीय भाषाओं के साथ साथ अन्य तीन ऐच्छिक विषयों के साथ राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय से माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

पंजाब

- पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, एस.ए.एस. नगर (मोहाली)–160059

राजस्थान

- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर
  शर्तें : माध्यमिक: पाँच विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण जैसे : हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित।
  उच्चतर माध्यमिक: पाँच विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण जैसे – हिंदी, अंग्रेजी तथा तीन अन्य विषय।

त्रिपुरा

- त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, त्रिपुरा।

उत्तर प्रदेश

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, इलाहाबाद
  शर्तें : माध्यमिक : न्यूनतम 6 (छः) विषयों में उत्तीर्ण
  उच्चतर माध्यमिक : न्यूनतम 5 (पाँच) विषयों में उत्तीर्ण

उत्तराखंड

- उत्तरांचल शिक्षा एवं परीक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल।
  शर्त : माध्यमिक स्तर पर छः विषयों में उत्तीर्ण

पश्चिम बंगाल

- पश्चिम बंगाल सरकार के अंतर्गत विद्यालय शिक्षा विभाग, कोलकाता–91
  शर्तें : पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत माध्यमिक पर परीक्षा के अनिवार्य विषयों की तरह हों और पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक परीक्षा परिषद् के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में विदित अनिवार्य और न्यूनतम वैकल्पिक विषयों में उत्तीर्ण किया हो।
- पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, 77/2 पार्क स्ट्रीट, कोलकाता–700016

टिप्पणी : सामान्यत: सभी बोर्डों में प्रवेश के लिए न्यूनतम 5 विषयों में उत्तीर्ण होना जरूरी है, यदि कोई और शर्त न दी गई हो।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षाओं और प्रमाणपत्र को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थाओं की सूची

आंध्र प्रदेश

- नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुंटूर
- श्री सत्य साई उच्च शिक्षण संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) प्रसान्तिनिलयम – 515134, जिला – अनंतपुर
- आंध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरूपति
- श्री कृष्ण देवराय विश्वविद्यालय, अनंतपुर
- काकातिया विश्वविद्यालय, विद्यारण्यपुरी, वारंगल

शर्तें : पाँच विषयों में उत्तीर्ण तथा दसवीं के बाद पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष।

असम

- गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गोपीनाथ बोरदोलोई नगर, गुवाहाटी
- असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट – 13

बिहार

- पटना विश्वविद्यालय, पटना

छत्तीसगढ़

- गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर

दिल्ली

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली – 110 007
- स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर, 4, ब्लाक–बी, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, दिल्ली

  शर्तें: इन संस्थानों में प्रवेश अध्ययन सत्र 1993-94 से निर्धारित किए गए शर्तों को पूरा करने पर स्वीकार किए जायेंगे।
- जामिया हमदर्द (हमदर्द विश्वविद्यालय) हमदर्द नगर, नई दिल्ली
- नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स, कन्जरवेशन एंड म्यूजियोलोजी (मानित विश्वविद्यालय) नई दिल्ली
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली – 110016
- जामिया मिलिया इस्लामिया, जामिया नगर, नई दिल्ली – 110 025
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली

  शर्तें: सीबीएसई के अनुसार पाँच विषयों में उत्तीर्ण जिनमें रसायनशास्त्र (सिद्धांत व प्रयोग) भौतिकी (सिद्धांत व प्रयोग), गणित तीन स्वतंत्र पत्र के रूप में।

गोवा

- गोवा विश्वविद्यालय, तेलीगावो प्लेट्यू, पो. बेम्बोलिन कॉम्प्लैक्स

  शर्त : कम से कम 6 विषयों में उत्तीर्ण (2 भाषाएँ तथा 4 अन्य विषयों सहित)

गुजरात

- सौराष्ट्र विश्वविद्यालय परिसर, कलावाद रोड, राजकोट - 110 007
- उत्तरी गुजरात विश्वविद्यालय, राजमहल रोड, पो.बॉ. नं. 21, पटना – 384265 (उत्तरी गुजरात)
- भावनगर विश्वविद्यालय, भावनगर
- सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्या नगर
- गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद

हरियाणा

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
- कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र

  शर्तें:

  पाँच विषयों में उत्तीर्ण (दो भाषाएँ तथा तीन अन्य ऐच्छिक विषय)

  उच्चतर माध्यमिक परीक्षा एक या दो प्रयत्नों में पूरक/सहायक परीक्षाओं में कुछ विषयों में 33 प्रतिशत अंकों के साथ तथा टाइपिंग आदि कुछ विषयों में 40 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण। जो विद्यार्थी उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण नहीं हुए हों वे :

  1. उसी वर्ष की पूरक परीक्षा में शामिल हों।
  2. अगले वर्ष की वार्षिक परीक्षा में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण हों।
- महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
- राष्ट्रीय डेरी शोध संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), करनाल – 132001
- इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च, करनाल – 132001

हिमाचल प्रदेश

- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

  शर्तें: विद्यार्थी के लिए अंग्रेजी सहित तीन अन्य विषयों में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एण्ड फोरेस्ट्री, नौनी (सोलन)

जम्मू और कश्मीर

- जम्मू विश्वविद्यालय, नया परिसर, जम्मू – 180016
- शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, श्रीनगर

  शर्तें:

  (1) बी.एस.सी. (कृषि) : अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान या गणित।

  (2) पशु विज्ञान एवं पशु पालन स्नातकः अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान।
- कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर, कश्मीर–190006

झारखंड

- इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (मानित विश्वविद्यालय), धनबाद–826004
- रांची विश्वविद्यालय, रांची (झारखंड)
- विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
- एस.के.एम. विश्वविद्यालय, दुमका, झारखंड

कर्नाटक

- कर्नाटक विश्वविद्यालय, पावते नगर, धारवाड़ – 580003

- कुवेम्पु विश्वविद्यालय, विश्वविद्यानिलय कार्यालय, बी.आर. परियोजना – 577115, शिमोगा जिला, कर्नाटक
  शर्तें: दो भाषाओं सहित कम से कम 6 विषयों में उत्तीर्ण।
- भारतीय विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय विधि स्कूल, नागरभावी, पो. बॉ. नं. 7201, बेंगलूर
  शर्तें: अंग्रेजी विषय के साथ कम से कम औसत 50% अंकों में उत्तीर्ण (दूसरी भाषा को छोड़कर) और विद्यार्थी की आयु प्रवेश वर्ष की 1 जुलाई को 20 वर्ष से कम हो (अनु.जा. /अनु.जन.जाति के मामले में अधिकतम आयु 22 वर्ष)।
- कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जी.के.वी.के., पो.बॉ. नं. 2477, बेंगलूर – 560065
- कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, कृषि नगर, धारवाड़
- मेंगलूर विश्वविद्यालय, मंगला गंगोत्री, मेंगलूर
- मैसूर विश्वविद्यालय, क्रॉफोर्ड हॉल, मैसूर

केरल

- कालीकट विश्वविद्यालय, पो.ऑ. कालीकट – 673635
  शर्तें: अंग्रेजी सहित पाँच विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण
- कोचीन विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, कोचीन
  शर्तें: नेवल आर्किटैक्चर एवं जहाज निर्माण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंग्रेजी, गणित, भौतिकी तथा रसायन विज्ञान में उत्तीर्ण।
- महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टयम – 686560
- केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेंद्रम
- कन्नूर विश्वविद्यालय, केरल

मध्य प्रदेश

- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर – 452001
  शर्तें: एक भाषा (अंग्रेजी/हिंदी) सहित पाँच विषयों में उत्तीर्ण।
- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
- डॉ हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर
- जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
- जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
- अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
- लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, ग्वालियर

महाराष्ट्र

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पो.ऑ. पोवई, मुंबई – 400076
  शर्तें: गणित, भौतिकी व रसायन विज्ञान विषयों में (सिद्धांत एवं प्रयोग दोनों में) अलग–अलग परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- मुंबई विश्वविद्यालय, रानाडे भवन, विद्यानगरी, सांताक्रुज (पूर्व), मुंबई
- पुणे विश्वविद्यालय, गनेशखिण्ड, पुणे – 411007
- श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसे महिला विश्वविद्यालय, 1, नाथीबाई ठाकरसे रोड, मुंबई
- यशवंत राव चह्वाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक
- शिवाजी विश्वविद्यालय, विद्यानगर, कोल्हापुर– 416004
- अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती – 444602
  शर्तें: पाँच विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण।
- डॉ. बाबा साहब अंबेडकर, मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद

मणिपुर

- मणिपुर विश्वविद्यालय, कांचीपुर, इम्फाल – 795001

नागालैंड

- नागालैंड विश्वविद्यालय, कोहिमा
  शर्तें: दो भाषाओं के साथ गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में परीक्षा उत्तीर्ण।

उड़ीसा

- बहरामपुर विश्वविद्यालय, बहरामपुर
  शर्तें: दो भाषाओं सहित तीन वैकल्पिक विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण।
- संबलपुर विश्वविद्यालय, संबलपुर, बुर्ला, ज्योति विहार–**768019**
  शर्तें: विद्यार्थी ने दो भाषाओं तथा तीन वैकल्पिक विषयों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

पंजाब

- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना – 141004
- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला
- थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी (मानित विश्वविद्यालय) पटियाला – 147001
  शर्तें: बी.ई. प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की अथवा समकक्ष बोर्ड से भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी सहित 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।

राजस्थान

- अजमेर विश्वविद्यालय, अजमेर
- वनस्थली विद्यापीठ, पोस्ट वनस्थली विद्यापीठ – 304022 (राजस्थान)
- जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
  शर्तें: **3** ऐच्छिक एवं 2 अनिवार्य (अंग्रेजी एवं हिंदी) विषयों सहित उत्तीर्ण
- जैन विश्व भारती संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) कैम्प आफिस, जवाहर नगर, जयपुर
  शर्तें: गणित विषय में उत्तीर्ण
- मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर – 313001
- राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
- बिरला तकनीकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी
- राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
- राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर
  शर्तें: माध्यमिक शिक्षा परीक्षा उत्तीर्ण करने के 2 वर्ष बाद हिंदी और अंग्रेजी सहित 5 विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए।

सिक्किम

- डॉ. बाबा साहब अंबेडकर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लोनेव – 402108, मोनगांव, जिला – रायगुड़

तमिलनाडु

- अलगप्पा विश्वविद्यालय, अलगप्पा नगर, कराइकुडी – 623003
  शर्तें: स्नातक उपाधि पूर्व पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निम्नलिखित पाँच विषयों में प्रत्येक विषय में 35% अंक के साथ उत्तीर्ण।
  1. तमिल या तमिलनाडु सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य भाषा। 2. अंग्रेजी, 3. गणित, 4. विज्ञान, 5. सामाजिक विज्ञान

  स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए –
  1. तमिल या तमिलनाडु सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य भाषा
  2. अंग्रेजी
  3. भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित ,या वनस्पति विज्ञान ; जंतु विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, या इतिहास, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, लेखाशास्त्र या तमिलनाडु सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य विषय।
- अविनाशलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साईंस एंड हायर एजुकेशन फॉर वुमन (मानित विश्वविद्यालय) कोयम्बटूर – 641043
  शर्तें: निम्नलिखित विषयों में उत्तीर्ण

1. तमिल, हिंदी या फ्रेंच
2. अंग्रेजी
3. चार वैकल्पिक विषय

इस प्रकार विद्यार्थी ने उच्चतर माध्यमिक, पूर्व विश्वविद्यालय अथवा पूर्व स्नातक स्तर की परीक्षा छह विषयों में उत्तीर्ण की हो।

- भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली – 620024
- तमिलनाडु वेटरीनरी एंड एनीमल साइंसिस यूनिवर्सिटी, चेन्नई – 600007
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई – 600036

  शर्तें: राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा आयोजित एवं के.मा.शि. बोर्ड की योजनानुसार उच्चतर माध्यमिक परीक्षा न्यूनतम पाँच विषयों के साथ रसायन (सिद्धांत और प्रयोग), भौतिकी, (सिद्धांत और प्रयोग) तथा गणित विषय स्वतंत्र विषयों के रूप उत्तीर्ण की हो।
- मद्रास विश्वविद्यालय, चेपौक, चेन्नई – 600005

  शर्तें: अंग्रेजी सहित पाँच विषयों में उत्तीर्ण
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, अन्नामलाई नगर
- मनोमनियम सुन्दरवर, विश्वविद्यालय, मदुरई – 625021
- मदुरई कामराज विश्वविद्यालय, तिरूनेलवेली – 627009

  शर्तें: अंग्रेजी सहित पाँच विषयों में उत्तीर्ण।
- भारथियर विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर
- भारथीदसान विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली

त्रिपुरा

- त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला

उत्तर प्रदेश

- मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, कानपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

  शर्तें: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड योजना के अनुसार रसायन विज्ञान (सिद्धांत एवं प्रयोग) भौतिकी (सिद्धांत एवं प्रयोग) गणित एवं तीन अन्य विषयों सहित पाँच विषयों में उत्तीर्ण।
- दयालबाग शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) दयालबाग, आगरा
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221005
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर
- बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
- जगत्गुरु रामभन्द्राचार्य हैंडीकैप्ड विश्वविद्यालय, चित्रकूट धाम, उत्तर प्रदेश – 210204

उत्तराखंड

- रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की – 247667
- हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, गढ़वाल

  शर्तें: माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण के दो साल बाद उ.मा. परीक्षा पाँच विषयों में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

पश्चिम बंगाल

- उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय, डाकघर – उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय, राजा राममोहुनपुर, जिला – दार्जिलिंग, पं. ब. – 734430
- विश्वभारती, शान्तिनिकेतन – 731235 पश्चिम बंगाल
- रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय 56ए, बैरकपुर, ट्रंक रोड, कोलकाता – 700052
- बर्दवान विश्वविद्यालय, बर्दवान

  शर्त : विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए कृपया प्रवेश के नियमों का पालन करें।
- कोलकाता विश्वविद्यालय, सीनेट हाउस, कोलकाता–700073
- विधान चंद्र कृषि विश्व विद्यालय, पोस्ट कृषि विद्यालय मोहनपुर, जिला–नादिया, पश्चिम बंगाल
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़कपुर

  शर्तें : सीबीएसई के अनुसार पाँच विषयों में उत्तीर्ण जिनमें रसायनशास्त्र (सिद्धांत व प्रयोग) भौतिकी (सिद्धांत व प्रयोग), गणित तीन स्वतंत्र विषय के रूप में।

माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के मान्य एवं अमान्य बोर्डों की सूची

कोड सं	बोर्ड का नाम
	आंध्र प्रदेश
0101	आंध्र प्रदेश इण्टरमीडिएट शिक्षा बोर्ड, हैदराबाद
0102	आंध्र प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, हैदराबाद
0103	आंध्र प्रदेश मुक्त विद्यालय सोसाइटी, एससीईआरटी परिसर, हैदराबाद
	असम
0201	असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद्, बामुनीमैदान, गुवाहाटी
0202	असम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, गुवाहाटी
	बिहार
0301	बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद्, पटना
0302	बिहार विद्यालय शिक्षा बोर्ड, पटना
0303	बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना
	छत्तीसगढ़
2901	छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, रायपुर
	गोवा
2801	गोवा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
	गुजरात
0401	गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, गांधी नगर
	हरियाणा
0501	हरियाणा शिक्षा बोर्ड, हांसी रोड, भिवानी
0502	हरियाणा मुक्त विद्यालय, भिवानी
	हिमाचल प्रदेश
0601	हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला
	जम्मू एवं कश्मीर
0701	जम्मू एवं कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड, जम्मू
0702	जम्मू एवं कश्मीर राज्य मुक्त विद्यालय, श्रीनगर
	झारखंड
2601	झारखंड शैक्षिक परिषद्, रांची
	कर्नाटक
0801	कर्नाटक पूर्व-विश्वविद्यालय शिक्षा बोर्ड, बैंगलोर
0802	कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, बैंगलौर
0803	कर्नाटक मुक्त विद्यालय, जे.एस.एस. महा विद्यापीठ, मैसूर
	केरल
0901	केरल सार्वजनिक शिक्षा बोर्ड, परीक्षा भवन, तिरुवनंतपुरम
0902	केरल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, तिरुवनंतपुरम
0903	केरल राज्य मुक्त विद्यालय, तिरुवनंतपुरम
	महाराष्ट्र
1101	महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा, पुणे
	मध्य प्रदेश
1001	मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भोपाल
1002	मध्य प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय, भोपाल
	मणिपुर
1201	मणिपुर उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद्, इम्फाल
1202	मणिपुर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, इम्फाल
	मेघालय
1301	मेघालय विद्यालय शिक्षा बोर्ड, मेघालय
	मिजोरम
3001	मिजोरम विद्यालय शिक्षा बोर्ड, चलतलन, एजवल
	नागालैंड
1401	नागालैंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड, कोहिमा
	उड़ीसा
1501	उड़ीसा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद्, भुवनेश्वर
1502	उड़ीसा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कटक

कोड सं	बोर्ड का नाम
	पंजाब
1601	पंजाब विद्यालय शिक्षा बोर्ड, मोहाली
	राजस्थान
1701	राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर
1702	राजस्थान राज्य मुक्त विद्यालय, जयपुर
	तमिलनाडु
1901	तमिलनाडु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, चेन्नई
1902	तमिलनाडु उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, चेन्नई
	त्रिपुरा
2001	त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अगरतला, पश्चिमी त्रिपुरा
	उत्तर प्रदेश
2101	उत्तर प्रदेश हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट शिक्षा, इलाहाबाद
	उत्तराखंड
3401	उत्तरांचल शिक्षा एवं परीक्षा परिषद्, राम नगर, नैनीताल
	पश्चिम बंगाल
2201	पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कोलकाता
2202	पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद्
2203	रबिन्द्र मुक्त विद्यालय (प.बं. राज्य मुक्त विद्यालय)
	अखिल भारतीय बोर्ड
9901	राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (पूर्वत: राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय), नई दिल्ली
9902	केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली
9903	भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद्, नई दिल्ली
	माध्यमिक स्तर के लिए मान्यता प्राप्त अन्य संस्थान
9801	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली
9802	गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
9803	सेना शिक्षा निदेशालय, नई दिल्ली
9804	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
9805	जामिया मिलिया हमदर्द विश्वविद्यालय
9806	वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली, राजस्थान
9807	जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
9808	कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का आईजीसीएसई कार्यक्रम (अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा)
9999	विदेश का कोई मान्यता प्राप्त बोर्ड विदेशी बोर्ड/विश्वविद्यालय से हाई स्कूल/माध्यमिक प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एनआईओएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए संबंधित दूतावास द्वारा यह प्रमाणपत्र देना होगा कि उनकी परीक्षा भारतीय हाई स्कूल/माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष है।

